# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

मकर संक्रांति की मंगलकामनाएं

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 14 जनवरी 2026



नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
MINISTRY OF NEW AND RENEWABLE ENERGY

सत्यमेव जयते

# 25 लाख घर बने पीएम सूर्य घर



## अब आपकी है बारी, अपनी छतों पर सोलर पैनल लगाएं और पाएं...

- ₹78,000 तक की सब्सिडी
- अतिरिक्त बिजली को बेचकर पैसे कमाने का अवसर
- हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना

हर घर, सूर्य घर

"पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से देश को बहुत फ़ायदा हो रहा है। आज की एक योजना, भविष्य को ट्रांसफॉर्म करने की कितनी ताकत रखती है, ये उसका उदाहरण है। - **नरेन्द्र मोदी**"



CBC 28101/13/0015/2526

अप्लाई करने के लिए स्कैन करें

अधिक जानकारी के लिए विज़िट करें : pmsuryaghar.gov.in | कॉल करें : टॉल फ्री नंबर 15555 पर




# मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं...



मकर संक्रांति किसानों के लिए बहुत अधिक महत्वपूर्ण होती है, इसी दिन सभी किसान अपनी फसल काटते है. मकर संक्रांति भारत का सिर्फ एक ऐसा त्यौहार है जो हर साल 14 जनवरी को ही मनाया जाता है. यह वह दिन होता है जब सूर्य उत्तर की ओर बढ़ता है. हिन्दूओं के लिए सूर्य एक रोशनी, ताकत और ज्ञान का प्रतीक होता है. मकर संक्रांति त्यौहार सभी को अँधेरे से रोशनी की तरफ बढ़ने की प्रेरणा देता है. एक नए तरीके से काम शुरू करने का प्रतीक है. मकर संक्रांति के दिन, सूर्योदय से सूर्यास्त तक पर्यावरण अधिक चैतन्य रहता है, यानि पर्यावरण में दिव्य जागरूकता होती है, इसलिए जो लोग आध्यात्मिक अभ्यास कर रहे है, वे इस चैतन्य का लाभ उठा सकते है मकर संक्रांति के शुभ मुहूर्त में स्नान, दान, व पूण्य का विशेष महत्व है. इस दिन लोग गुड़ व तिल लगाकर किसी पावन नदी में स्नान करते है. इसके बाद भगवान् सूर्य को जल अर्पित करने के बाद उनकी पूजा की जाती हैं और उनसे अपने अच्छे भविष्य के लिए प्रार्थना की जाती है. इसके पश्चात् गुड़, तिल, कम्बल, फल आदि का दान किया जाता है. इस दिन कई जगह पर पतंग भी उड़ाई जाती है. साथ ही इस दिन तिल से बने व्यंजन का सेवन किया जाता है.



Contact for Ad
Mob.: 9340808313













हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

**2003 के बाद यह संयोग अमृत व सर्वार्थ सिद्धि योग भी आज ही** | **आज दोपहर 3 बजकर 7 मिनट पर धनु राशि से निकलकर मकर में प्रवेश करेंगे सूर्य देव**

*मकर संक्रांति पर इस बार मंदिरों में खिचड़ी का भोग नहीं चढ़ेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि आज संक्रांति के साथ एकादशी भी है। एकादशी के दिन चावल खाना वर्जित होता है। खिचड़ी बनाने में चावल का प्रयोग होता है, इस कारण आज देवताओं को भी खिचड़ी भोग नहीं चढ़ाया जाएगा।*



**कोलकाता।** मकर संक्रांति के एक दिन पहले गंगा सागर तट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का सैलाब नजर आया। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के गंगासागर में हर साल मकर संक्रांति के दिन लगने वाले मेले के पहले ही इस बार अब तक 45 लाख लोग डुबकी लगा चुके हैं। बड़ी संख्या में लोग गंगा नदी और पवित्र संगम पर स्नान कर सूर्य देव की पूजा-अर्चना की।

# 22 वर्ष पश्चात मकर संक्रांति संग एकादशी नहीं चढ़ेगा मंदिरों में खिचड़ी का भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**मकर संक्रांति**

15 जनवरी को शहर के मंदिरों में खिचड़ी का भोग चढ़ाया जाएगा। संक्रांति के दिन चावल दान का महत्व होता है, लेकिन यह भी आज नहीं किया जाएगा। तिल का दान भक्त करेंगे, लेकिन अन्नदान गुरुवार को ही किया जाएगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, 22 वर्षों बाद संक्रांति के दिन एकादशी का दुर्लभ संयोग बन रहा है। 14 जनवरी को एकादशी और मकर संक्रांति एक ही दिन पड़ने से इसका पुण्यफल कई गुणा ▶▶|शेष पेज 5 पर

### महादेव को दूध का भोग

*संक्रांति के दिन एकादशी भी होने के कारण महादेव को खिचड़ी का भोग नहीं चढ़ाया जाएगा। आज उन्हें दूध, फल आदि का भोग लगाएंगे। खिचड़ी भोग 15 जनवरी को लगाया जाएगा।*

*- पं.सुरेश गिरी गोस्वामी*
*हाटकेश्वरनाथ मंदिर महादेव घाट*

### दोपहर 3.07 पर शुरू होगा महापुण्यकाल



महापुण्य काल दोपहर 3:07 बजे से शाम छह बजे तक रहेगा। संक्रांति और एकादशी एक ही दिन होने के कारण एकादशी व्रत रखने वाले श्रद्धालु 14 जनवरी को खिचड़ी का सेवन नहीं करेंगे। वे इस दिन फलाहार लेकर द्वादशी लगने पर 15 जनवरी को खिचड़ी खाकर व्रत का पारण कर सकते हैं। वहीं मकर संक्रांति के साथ खरमास समाप्त हो जाएगा, लेकिन मांगलिक कार्य 30 जनवरी तक नहीं होंगे, क्योंकि इस अवधि में शुक्र अस्त रहेगा। शुक्र के उदय होने के बाद ही विवाह व अन्य शुभ संस्कार किए जा सकते हैं। इसलिए 31 जनवरी 2026 से ही शुभ कार्य ▶▶|शेष पेज 5 पर

आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹106196/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹129700/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹141580/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
ANAND Jewels
Pandri, Raipur

# 'आम' के दो हजार पर कनेक्शन कट, आईएएस एसो. पर 64 लाख कांग्रेस भवन पर 7 लाख बकाया

राजकुमार ग्वालानी ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी बिजली उपभोक्ताओं से बकाया वसूलने के अभियान में लगातार लगी हुई है। कंपनी छोटे बकाएदारों पर बड़ा एक्शन ले रही है। अब तक साढ़े तीन हजार रुपए तक के बकाएदारों की बिजली कट की जा रही थी। अब जिनका महज दो हजार का बकाया है, उनकी भी बिजली कट करने की तैयारी है। यहां तक को ठीक है, लेकिन बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काटने में पॉवर कंपनी के हाथ कांप रहे हैं। ऐसे बड़े बकाएदारों में आईएएस मेस के साथ सांसद, विधायक, आईएएस अधिकारियों के साथ ही कांग्रेस भवन का भी नाम शामिल है। कांग्रेस भवन पर सात लाख से ज्यादा का बकाया है। सबसे ज्यादा 64 लाख बकाया आईएएस एसोसिएशन पर है।

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं में बकाएदारों की संख्या लगातार बढ़ने के कारण पॉवर कंपनी ▶▶|शेष पेज 5 पर



### ये हैं बड़े बकाएदार

| | |
|---|---|
| आईएएस एसोसिएशन | 6422611 |
| सेक्रेटरी आफिसर्स क्लब | 3578195 |
| शमीम दाला | 1720909 |
| श्रीराम वायर प्रो | 1347499 |
| बृजमोहन अग्रवाल | 1230154 |
| एग्जीक्यूटिव इंजीनियर | 858108 |
| कांग्रेस भवन | 791675 |
| परविंदर कौर भाटिया | 784936 |
| मां शारदा हालर एंड फ्लोर | 632124 |
| मो. शोएब रजा | 473212 |
| रेणुका सिंग | 454473 |
| डा. अनिल खाखरिया | 403559 |
| पूरन सिंग | 326140 |
| स्वर्ण भूमि | 314409 |
| डा. सीआर प्रसन्ना | 335502 |

### एक माह का बकाया होने पर भी बिजली कट

पॉवर कंपनी ने छोटे बकाएदारों पर जो एक्शन लिया है, उसमें अब तक साढ़े तीन हजार तक के बकाएदारों की बिजली कट की जा रही है, लेकिन अब इसका दायरा और कम करते हुए दो हजार का बकाया होने पर भी बिजली कट करने की तैयारी है। यानी किसी उपभोक्ता का दो हजार रुपए का एक माह का भी बकाया है और उसने तय समय के बाद बिजली बिल जमा नहीं किया है, तो उसकी बिजली कट हो जाएगी। पहले दो माह का बकाया होने पर बिजली कट नहीं की जाती थी। इसी के साथ दो का बकाया होने पर भी बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ मिल जाता था, लेकिन दो माह से ज्यादा का बकाया होने पर बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ नहीं मिलता था। ऐसे में उपभोक्ता भी इस बात का ध्यान रखते थे कि दो माह से ज्यादा का बकाया न हो। लेकिन अब एक माह का बकाया होने पर भी बिजली कट करने की तैयारी है।

## कांकेर के बांगाबारी की घटना, दिखाया था बेहतर भविष्य और मोटी कमाई का सपना


# दो महिलाएं और बच्ची को राजस्थान में बेचा पड़ोसन ने, ग्राम सभा में कबूला जुर्म

### पत्र लिखकर माफी मांगी, मोटी कमाई का दिखाया था सपना

हरिभूमि न्यूजः बासनवाही

कांकेर के बांगाबारी की एक घटना ने सबको हिलाकर रख दिया है। बांगाबारी गांव की एक महिला ने बेहतर भविष्य और मोटी कमाई का सपना दिखाकर अपने ही गांव की दो विवाहित महिलाओं और एक तीन वर्षीय मासूम बच्ची को राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के दलाल के पास बेच दिया। इस खुलासे के बाद गांव में आक्रोश और भय का माहौल है।

आरोपी बांगाबारी निवासी 40 वर्षीय जयबति नेताम ने गांव की 32 वर्षीय आसबई और चारामा थाना क्षेत्र के किलेपार निवासी 27 वर्षीय सतरूपा सलाम को राजस्थान में अच्छा रोजगार दिलाने का झांसा दिया। दोनों महिलाएं भरोसे में आ गईं, उनके साथ सतरूपा की तीन वर्षीय मासूम बच्ची भी थी। राजस्थान के दलाल के पास जयबति ने तीनों को मानव तस्करों के हवाले कर दिया।







**खास खबर**

### ऐसे हुआ खुलासा

*काफी समय बीतने के बाद भी जब महिलाओं और बच्ची का कोई पता नहीं चला, तब परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई और शक की सुई आरोपी महिला पर टिक गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए बांगाबारी गांव में आपात ग्राम सभा बुलाई गई। ग्रामीणों के कड़े सवालों और दबाव के सामने आरोपी महिला टूट गई और उसने सबके सामने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी ने लिखित रूप में शपथ पत्र देकर माना कि उसी ने महिलाओं और बच्ची को राजस्थान में बेचा है। इसके बाद ग्राम सभा में भारी आक्रोश फैल गया। इस घटना ने ग्रामीण इलाकों में सक्रिय मानव तस्करी गिरोहों की भयावह सच्चाई उजागर कर दी है।*

### कार्रवाई की जा रही है

बांगाबारी निवासी जागेन्द्र की शिकायत पर उसकी पत्नी आसबई के लापता होने की सूचना दर्ज की गई है। मामले में गुम इंसान अपराध क्रमांक 02/25 पंजीबद्ध कर पुलिस द्वारा जांच व आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**- योगेंद्र कुमार वर्मा**
प्रभारी निरीक्षक, दुधावा चौकी

### ग्राम सभा ने रखी मांग, आरोपियों की गिरफ्तारी में देरी हुई तो सड़क पर करेंगे उग्र आंदोलन

ग्राम सभा ने शासन-प्रशासन के समक्ष तीन स्पष्ट और कड़ी मांग रखीं। राजस्थान के भीलवाड़ा से दोनों महिलाओं और मासूम बच्ची को तत्काल सुरक्षित रेस्क्यू किया जाए, आरोपी महिला सहित पूरे तस्करी नेटवर्क, दलालों और खरीदारों पर रासुका जैसी कठोर कार्रवाई की जाए, मुख्य आरोपी जयबति नेताम को तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। ग्रामीणों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि पीड़ितों को सुरक्षित वापसी और आरोपियों की गिरफ्तारी में देरी हुई, तो वे सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे।

# कुत्ते ने काटा तो राज्य को भारी मुआवजे का देंगे आदेश, डॉग लवर भी होंगे जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- **सुप्रीम कोर्ट सख्त, जज ने राज्यों को दी हिदायत**

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले पांच वर्षों में आवारा पशुओं से संबंधित नियमों के क्रियान्वयन के लिए कोई कदम नहीं उठाए जाने पर चिंता व्यक्त की और मंगलवार को कहा कि वह कुत्ते के काटने की घटनाओं के लिए राज्यों को 'भारी मुआवजा' देने का आदेश देगा। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि कुत्ते के काटने की घटनाओं के लिए कुत्ता प्रेमियों और उन्हें



खाना खिलाने वालों को भी जिम्मेदार और /"जवाबदेह/" ठहराया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति नाथ ने कहा, कुत्तों के काटने से बच्चों या बुजुर्गों की मृत्यु या चोट के हर मामले के लिए हम राज्य सरकारों से भारी मुआवजा देने की मांग करेंगे क्योंकि उन्होंने पिछले पांच वर्षों में नियमों के ▶▶|शेष पेज 5 पर

### जानवरों से प्यार तो घर क्यों नहीं ले जाते

*जस्टिस नाथ ने कहा, अगर आपको इन जानवरों से इतना प्यार है, तो आप उन्हें अपने घर क्यों नहीं ले जाते? ये कुत्ते इधर-उधर क्यों घूमें, लोगों को काटें और डराएं? बेंच की यह टिप्पणी तब आई जब वकील मेनका गुरुस्वामी ने आवारा कुत्तों के मुद्दे को एक भावनात्मक मामला बताया। पीठ ने उनसे कहा, अब तक भावनाएं सिर्फ कुत्तों के लिए ही दिख रही हैं। मैं 2011 से जज हूं। लेकिन इंसानों के लिए इतनी जोशीली दलीलें कभी नहीं सुनीं।*

**संसद में दिखेंगे एआई के नए प्रयोग**

# अब 22 भाषाओं में देख सकेंगे सदन की कार्यवाही

**नई दिल्ली।** नए साल में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की पहल से संसद की कार्यवाही का चरित्र बदल जाएगा। बिरला के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिये संसद की कार्यवाही के प्रसारण से लेकर सांसदों की सुविधा तक नए प्रयोगों ने बड़े परिवर्तन की नींव रख दी है। मसलन अगले साल संसद की कार्यवाही का प्रसारण सभी 27 अधिसूचित भाषाओं में होगा।

### सिगरेट मामले में होगी कड़ी कार्रवाई

टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद पर सदन में ई-सिगरेट के इस्तेमाल संबंधी सवाल के जवाब में बिरला ने कहा कि जांच अपने अंतिम चरण में है। सदन की मर्यादा का उल्लंघन किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

#Seasons of Smiles
बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक
बांटे खुशियों की मिठास,
बढ़ाएं अपनेपन का अहसास.



बैंक ऑफ़ बड़ौदा
हर उत्सव में है, आपके साथ
मकर संक्रांति की शुभकामनाएं
रिटेल | कॉर्पोरेट | एमएसएमई | ग्रामीण एवं कृषि बैंकिंग | डिजिटल बैंकिंग
अंतर्राष्ट्रीय एवं विदेशी परिचालन | धन संपदा प्रबंधन | ट्रेज़री परिचालन | सरकारी व्यवसाय
एनआरआई सेवाएं एवं अन्य बैंकिंग समाधान
टोल फ्री नंबर पर कॉल करें (24x7): 1800 5700 / 1800 5000
https://bankofbaroda.bank.in

## भूमि स्वामियों की विकसित जमीन में मिलेगा 42 प्रतिशत हिस्सा

**अधोसंरचना विकास के लिए सरकार खर्च करेगी 735 करोड़ रुपए**

# रायपुर-नवा रायपुर के बीच बसेगा 'कनेक्टिंग टाउन' एक्सप्रेस वे की दोनों तरफ 1000 मीटर में बसाहट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

पुराने रायपुर शहर को नवा रायपुर से जोड़ने के लिए 432 हेक्टेयर क्षेत्र में एक कनेक्टिंग टाउन बनाने की योजना को सरकार का अनुमोदन मिल गया है। खास बात ये है कि नवा रायपुर जाने वाले एक्सप्रेस वे की दोनों तरफ 500-500 मीटर के दायरे में यह विकास किया जाएगा। इस पर 735 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस योजना के दायरे में आने वाले गांवों की ▶▶|शेष पेज 5 पर



### ये है योजना

यह योजना नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण ने तैयार की है। योजना का मकसद पुराने रायपुर शहर और नवा रायपुर को के बीच के गैप को खत्म करने की है। यही कारण है कि 432 हेक्टेयर क्षेत्र में यह योजना दोनों शहरों के बीच के हिस्से पर केंद्रित की गई है।

### ये गांव शामिल होंगे योजना में

*इस विकास योजना में जोरा माल के आगे से नवा रायपुर एक्सप्रेस वे के दोनों तरफ के हिस्से में सेरीखेड़ी, मंदिर हसौद, रीको, दूसरी ओर पर गांव नकटी, रमचंडी और बरौदा ( एयरपोर्ट) के आसपास का हिस्सा शामिल होगा। नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण की इस योजना का सरकार ने अनुमोदन कर दिया है। दोनों शहरों को जोड़ने की इस योजना को हम अभी कनेक्टिंग टाउन के रूप में देख रहे हैं, सरकारी दस्तावेज में इसे नगर विकास योजना का नाम दिया गया है। यह पूरा हिस्सा नवा रायपुर के लेयर टू में शामिल है।*

### जमीन का अधिग्रहण नहीं, पर 43 फीसदी जमीन मिलेगी

*इस योजना का एक महत्वपूर्ण बिंदु ये है कि इस कनेक्टिंग टाउन के लिए जमीन का अधिग्रहण नहीं किया जाएगा। जो भूमि योजना क्षेत्र में शामिल होगी वहां विकास किया जाएगा। सड़क, पानी, नाली, बिजली आदि की व्यवस्था होने के बाद विकसित क्षेत्र में संबंधित भूमि स्वामियों को उनकी कुल जमीन का 42 प्रतिशत हिस्सा दिया जाएगा। नगर विकास योजना इसके छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित होने होने के साथ ही अब लागू हो गई है। सरकार ने साफ किया है कि अंतिम नगर विकास योजना में सम्मिलित भूखण्डों की सूची को भू-स्वामित्व या भू-अभिलेखों के सत्यापन के रूप में नहीं माना जायेगा, जो छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व विभाग के अद्यतन भू-अभिलेखों के अनुसार सत्यापन के अधीन होगा। अंतिम भूखण्डों का आवंटन* ▶▶|शेष पेज 5 पर

चिंतन

# डिलीवरी बॉयज की सुरक्षा को प्राथमिकता दें कंपनियां

इटर्नल के स्वामित्व वाली इकाई ब्लिंकिट ने पहले दावा किया था कि वह 10 मिनट में सामान पहुंचाएगी। अब कंपनी ने डिलीवरी कर्मियों के कल्याण से जुड़ी बढ़ती चिंताओं के बीच सभी मंच से अपना '10 मिनट में' डिलीवरी का दावा हटा लिया है। कंपनी ने अपनी टैग-लाइन को 10 मिनट में 10,000 से अधिक उत्पाद पहुंचेंगे से बदलकर अब 30,000 से अधिक उत्पाद आपके दरवाजे पर पहुंचेंगे कर दिया है। हालांकि यह फैसला कर्मचारियों की हड़ताल और केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया के हस्तक्षेप के बाद लिया गया है। सरकार डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित थी। चूंकि 10 मिनट में डिलीवरी से राइडर्स की सुरक्षा को खतरा पैदा हो रहा था। इतने कम समय में सामान डिलीवर करने के लिए उन्हें तेज रफ्तार से बाइक चलानी होती है। इससे सड़क हादसों के कारण उनकी जान को खतरा हो रहा था। इसके अलावा उपभोक्ता से मिले ओटीपी के बाद ही उनका सामान डिलीवर माना जाता है। समय पर डिलीवरी न होने से राइडर्स की रैंक प्रभावित होती है। उत्तर भारत में जारी भीषण सर्दी और कोहरे के बीच ब्लिंकिट के फैसले से हजारों डिलीवरी बॉयज को बड़ी राहत मिलेगी। बता दें कि इस समय भीषण ठंड के कारण लोग घरों से बाहर निकलना ठीक नहीं समझते। ऐसे में वे घर का सामान ऑनलाइन मंचों से अधिक मंगाते हैं। इसके कारण डिलीवरी बॉयज पर समय पर सामान पहुंचाने की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। इतना कम समय होने के कारण सुबह-शाम ऑफिस के समय और रात को गिग वर्कर्स को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ऐसे में कर्मचरियों पर भारी दबाव था, क्योंकि समय पर डिलीवरी नहीं होने से कर्मचरियों की परफॉर्मेंस प्रभावित होती थी। उन्हें अच्छी रैंक तभी मिलती थी, जब वे समय पर डिलीवरी कर उपभोक्ता के मोबाइल पर आने वाले ओटीपी को कंपनी के एप पर सेंड करते थे। ब्लिंकिट के बाद अब स्विगी और जेप्टो जैसे अन्य 'क्विक कॉमर्स' मंच भी इस कदम का अनुसरण कर सकते हैं। यह एक बड़ा बदलाव होगा, जो ऐसे कर्मचारियों को सुरक्षा प्रदान करेगा। दस मिनट में डिलीवरी के वादे के कारण गिग वर्कर्स ने देशव्यापी हड़ताल की थी, जिसने कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और आय की ओर ध्यान आकर्षित किया। हाल में 'एक्स' पर इटर्नल ग्रुप के सीईओ दीपिंदर गोयल ने लिखा था कि 10 मिनट में डिलीवरी का वादा सामान पहुंचाने वालों पर दबाव नहीं डालता है और न ही असुरक्षित ड्राइविंग का कारण बनता है, क्योंकि उन्हें एप पर 10 मिनट का टाइमर नहीं दिखाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा था कि 10 मिनट में या उससे तेज डिलीवरी मुख्य रूप से स्टोर ग्राहकों के करीब होने के कारण होती है, न कि सड़क पर तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने के कारण। यह फैसला डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देता है, जो अक्सर अपनी जान जोखिम में डालकर डिलीवरी करते हैं। यह गिग वर्कर्स के अधिकारों को मजबूत करेगा, जो अक्सर अपने अधिकारों से वंचित रह जाते हैं। कुल मिलाकर, ब्लिंकिट का '10 मिनट में डिलीवरी' का दावा हटाने का फैसला एक महत्वपूर्ण कदम है, जो डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा और उनके अधिकारों को प्राथमिकता देता है। इस फैसले से यह संदेश जाता है कि कंपनियों को अपने कर्मियों की सुरक्षा और अधिकारों को प्राथमिकता देनी चाहिए, न कि सिर्फ मुनाफे को। यह फैसला अन्य कंपनियों के लिए भी एक उदाहरण हो सकता है, जो अपने कर्मियों की सुरक्षा और अधिकारों को नजरअंदाज कर रहे हैं।



पर्व
डॉ. बलवीर आचार्य

# उत्तरायण का मकर संक्रांति से प्रारम्भ

> जब सूर्य की गति उत्तर की ओर होती है तब उत्तरायण (उत्तर+अयन) कहलाता है और जब सूर्य की गति दक्षिण की ओर होती है तब दक्षिणायन (दक्षिण+अयन) कहलाता है। भारतीय संस्कृति में उत्तरायण केवल खगोलीय घटना नहीं, अपितु आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक है। इसीलिए उत्तरायण को देवयान मार्ग, उत्तम मार्ग, प्रकाश का मार्ग कहा गया है। ऋतु का आधार कहा गया है। देवताओं का दिन-रात भी सूर्य की गति से जोड़ा गया है। मकर संक्रान्ति महज पतंग उड़ाने या पकवान खाने का दिन नहीं है। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि परिवर्तन सृष्टि का नियम है और जब हम प्रकृति के साथ लयबद्ध होते हैं तो हमारा जीवन आनन्द और आरोग्य से भर जाता है।

जितने काल में पृथ्वी सूर्य के चारों ओर परिक्रमा पूरी करती है, उसको एक 'सौर वर्ष' कहते हैं और कुछ लम्बी वर्तुलाकार जिस परिधि पर पृथ्वी परिभ्रमण करती है, उसको 'क्रान्तिवृत्त' कहते हैं। ज्योतिषियों द्वारा इस क्रान्तिवृत्त के 12 भाग कल्पित किए हुए हैं और उन 12 भागों के नाम उन-उन स्थानों पर आकाशस्थ नक्षत्र पुंजों से मिलकर बनी हुई कुछ मिलती-जुलती आकृति वाले पदार्थों के नाम पर रख लिए गए हैं। प्रत्येक भाग व आकृति 'राशि' कहलाती है। जब पृथ्वी एक राशि से दूसरी राशि में संक्रमण करती है तब उसको 'संक्रान्ति' कहते हैं। सूर्य सिद्धान्त (1.12) में कहा गया है- "राश्यन्तरं यदा सूर्यः संक्रान्तिरिति कथ्यते" लोक में उपचार से पृथ्वी के संक्रमण को सूर्य का संक्रमण कहने लगे हैं। छह मास तक सूर्य क्रान्तिवृत्त से उत्तर की ओर उदय होता रहता है और छह मास तक दक्षिण की ओर निकलता रहता है। सूर्य के उत्तर की ओर उदय की अवधि को 'उत्तरायण' और दक्षिण की ओर उदय की अवध को 'दक्षिणायन' कहते हैं। अयन का अर्थ होता है गति।

जब सूर्य की गति उत्तर की ओर होती है तब उत्तरायण (उत्तर+अयन) कहलाता है और जब सूर्य की गति दक्षिण की ओर होती है तब दक्षिणायन (दक्षिण+अयन) कहलाता है। उत्तरायण काल में सूर्य उत्तर की ओर से उदय होता हुआ दिखता है, उसमें दिन बढ़ता जाता है और रात्रि घटती जाती है। दक्षिणायन में सूर्योदय दक्षिण की ओर दृष्टिगोचर होता है। उसमें रात्रि बढ़ती जाती है और दिन घटता जाता है। सूर्य की मकर राशि की संक्रान्ति से उत्तरायण और कर्क राशि की संक्रान्ति से दक्षिणायन प्रारम्भ होता है। प्राचीन भारत में उत्तरायण और मकर संक्रान्ति एक ही दिन होते थे। अयन चलन के कारण वे धीरे-धीरे अलग हुए। सामान्यतः मकर संक्रान्ति को उत्तरायण का आरम्भ माना जाता है।

खगोल विज्ञान के अनुसार सूर्य का उत्तरायण वह बिन्दु है, जब सूर्य दक्षिणी गोलार्ध में अपनी अधिकतम स्थिति (मकर रेखा) से उत्तर दिशा की ओर लौटना प्रारम्भ करता है। यह घटना 21 या 22 दिसम्बर को घटित होती है। इसे शीत अयनान्त कहा जाता है। इसी दिन उत्तरी गोलार्ध में सबसे लम्बी रात होती है। यह घटना पृथ्वी के अक्षीय झुकाव (23.5°) तथा उसकी वार्षिक परिक्रमा का प्रत्यक्ष परिणाम है। इस दृष्टि से यही समय वास्तविक या खगोलीय उत्तरायण है। भारतीय पंचांग की निरयन पद्धति के अनुसार, जब सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करता है, तब मकर संक्रान्ति होती है। यह सामान्यतः 14 या 15 जनवरी को आती है। भारतीय ज्योतिष स्थिर नक्षत्रों को आधार मानता है। पृथ्वी की धुरी के धीमे झुकाव के कारण (अयन चलन), सूर्य का राशियों में प्रवेश क्रमशः आगे खिसकता रहता है। अयन चलन और दोनों तिथियों में अन्तर- पृथ्वी की धुरी में होने वाला अयन चलन लगभग 25,920 वर्षों में पूर्ण होता है। इसके कारण हर 72 वर्षों में लगभग 1 दिन का अन्तर पड़ता है। लगभग 1500–1700 वर्ष पूर्व मकर संक्रान्ति और शीतकालीन संक्रान्ति एक ही दिन पड़ते थे। वर्तमान में दोनों के बीच लगभग 23–24 दिनों का अन्तर है। इस परिवर्तन में लम्बा समय लगा है, परन्तु उत्तरायण का पर्व, मकर-संक्रान्ति के दिन ही मनाया जाता है। इससे सर्व साधारण की ज्योतिष-शास्त्र के प्रति अनभिज्ञता का कुछ



परिचय मिलता है। किन्तु शायद पर्व का महत्त्व बना रहे, यह मानकर मकर- संक्रान्ति के दिन ही पर्व मनाने की रीति चली आती हो। भारतीय संस्कृति में उत्तरायण केवल खगोलीय घटना नहीं, अपितु आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक है। इसीलिए उत्तरायण को देवयान मार्ग, उत्तम मार्ग, प्रकाश का मार्ग कहा गया है। ऋतु का आधार कहा गया है। देवताओं का दिन-रात भी सूर्य की गति से जोड़ा गया है। यजुर्वेद और तैत्तिरीय संहिता में सूर्य के उत्तरायण और दक्षिणायन को ऋतुओं के क्रम से जोड़ा गया है। छान्दोग्य और बृहदारण्यक उपनिषदों में उत्तरायण को- देवयान, ज्ञानमार्ग, प्रकाशमार्ग के रूप में वर्णित किया गया है। यहां सूर्य की गति को आत्मा की गति का रूपक बनाया गया है। गीता में भी उत्तरायण को देवयान मार्ग कहा गया है, जहां प्रकाश की दिशा में जाने वाले योगी मोक्ष को प्राप्त करते हैं।

यह दर्शाता है कि उत्तरायण को- शुभ, उन्नत, और आध्यात्मिक रूप से अनुकूल समय माना जाता था। कृषि-चक्र में यह रबी फसलों की परिपक्वता का समय है। उत्तर भारत में यह संकरात, खिचड़ी, दक्षिण में पोंगल, गुजरात में उत्तरायण, पंजाब में लोहड़ी के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व सूर्य-ऊर्जा के पुनरुत्थान का प्रतीक है। यह समय आत्म-साक्षात्कार, ध्यान और संकल्प सिद्धि के लिए सर्वोत्तम माना गया है। मकर संक्रान्ति के पर्व पर दान, स्नान और जप करने का बहुत महत्व है-"मकर संक्रांतौ दानस्नानजपैः सहस्त्रगुणं फलम्"। इस दिन खिचड़ी, तिल, कम्बल और अन्न का दान किया जाता है। दान का अर्थ केवल वस्तु देना नहीं, बल्कि अपने भीतर के अहंकार का त्याग करना है। मकर संक्रान्ति के पर्व पर तिल और गुड़ का सेवन करने का भी महत्त्व है। सर्दियों के मौसम में तिल और गुड़ का मेल न केवल स्वादिष्ट होता है, अपितु यह आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान दोनों की दृष्टि से एक सर्वोत्तम भोजन है। इनके सेवन से होने वाले प्रमुख लाभ और उनके पीछे के वैज्ञानिक कारण भी बताए गए हैं। हड्डियों की मजबूती, तिल कैल्शियम का खजाना है और गुड़ इसमें मैग्नीशियम प्रदान करता है। तिल में दूध से भी ज्यादा कैल्शियम होता है। हड्डियों के घनत्व को बनाए रखने के लिए कैल्शियम और फास्फोरस की आवश्यकता होती है, जो इन दोनों के मिश्रण में प्रचुर मात्रा में मिलते हैं। यह ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं से बचाने में मदद करता है। गुड़ आयरन का प्राकृतिक स्रोत है, जबकि तिल में कॉपर और आयरन दोनों होते हैं। गुड़ शरीर में हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाता है।

तिल में मौजूद कॉपर आयरन के अवशोषण में मदद करता है, जिससे शरीर में नया खून बनता है और थकान या कमजोरी दूर होती है। इन दोनों की प्रकृति गर्म होती है, जो शरीर को आन्तरिक गर्माहट देती है। तिल में मौजूद जिंक और सेलेनियम जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स इम्यून सिस्टम को मजबूत करते हैं। गुड़ शरीर के श्वसन तन्त्र को साफ करने में मदद करता है, जिससे सर्दी-खांसी और संक्रमण का खतरा कम हो जाता है। गुड़ पाचन एंजाइमों को सक्रिय करता है, जिससे कब्ज की समस्या दूर होती है। तिल में मौजूद फाइबर आंतों की सफाई करने में सहायक होते हैं। तिल में 'सेसमिन' और 'सेसमोलिन' नामक तत्व पाए जाते हैं।

ये तत्व शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने और ब्लड प्रेशर को नियन्त्रित करने में मदद करते हैं। मकर संक्रान्ति महज पतंग उड़ाने या पकवान खाने का दिन नहीं है। यह सूर्य की भान्ति तेजस्वी बनने और गुड़ के समान मधुर वाणी बोलने का संकल्प है। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि परिवर्तन सृष्टि का नियम है और जब हम प्रकृति के साथ लयबद्ध होते हैं तो हमारा जीवन आनन्द और आरोग्य से भर जाता है।

( लेखक प्रोफेसर एमडीयू रोहतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दीपस्तंभ
मुरारी गुप्ता



# भारतीय दर्शन से ही विश्व कल्याण संभव

विश्व के हर कोने में आज अशांति का वातावरण बना हुआ है। कई देश आपस में युद्ध में उलझे हुए हैं। कथित शक्तिशाली देश दूसरे कमजोर मुल्कों पर उनके संसाधनों के लालच में बलात कब्जा करने की मंशा पाले हुए हैं। अमेरिका और वेनेजुएला का प्रकरण पूरे विश्व के सामने है। दुर्भाग्य से पूरा विश्व, संयुक्त राष्ट्र संघ और तमाम बड़े अंतरराष्ट्रीय संगठन इस पर चुप हैं। ईरान में वहां की जनता 1979 की तथाकथित इस्लामिक क्रांति के विरुद्ध बिगुल बजाए हुए है और अपनी मूल पहचान पर गर्व कर रही है। सोशल मीडिया पर ईरानी महिलाएं अपनी पहचान को खुल कर स्वीकार कर रही हैं। उधर, बांग्लादेश में वहां का अल्पसंख्यक हिंदू समूह राजनीतिक संरक्षण प्राप्त चरमपंथियों का शिकार बन रहा है। तथाकथित अमन और शांति के पैरोकार इस वक्त खामोश हैं। पश्चिम की कथित लिबरल नीतियों ने संयुक्त अरब अमीरात के शासकों को भी भयभीत कर रखा है। वे अपने छात्रों को ब्रिटेन और यूरोप के विश्वविद्यालयों में अध्ययन के लिए भेजने से डरने लगे हैं कि कहीं उनके छात्र यूरोप के विश्वविद्यालयों में लिबरल नीतियों के कारण संरक्षण पा रही जेहादी मानसिकता के शिकार नहीं हो जाएं। आज की वैश्विक परिस्थितियां यह प्रश्न खड़ा करती हैं कि क्या केवल राजनीतिक क्रांतियां, सत्ता परिवर्तन या वैचारिक कट्टरता मानव समाज को स्थायी शांति और समानता की ओर ले जा सकती हैं। ईरान में इस्लामी शासन के विरुद्ध उठती आवाज़ें, महिलाओं के समान अधिकारों की मांग, धार्मिक कट्टरता के विरुद्ध असंतोष और सामाजिक स्वतंत्रता की आकांक्षा इस बात का प्रमाण हैं कि जब कोई विचारधारा मानव स्वभाव, विविधता और गरिमा के विपरीत जाती है, तो अंततः उसके विरुद्ध प्रतिक्रिया जन्म लेती है। ईरान की वर्तमान स्थिति केवल राजनीतिक असंतोष का परिणाम नहीं है, बल्कि यह एक गहरी सामाजिक और सांस्कृतिक बेचैनी को भी दर्शाती है। कट्टर धार्मिक व्याख्याओं के कारण व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर अंकुश, महिलाओं के अधिकारों पर प्रतिबंध, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दमन और आधुनिक जीवन मूल्यों के साथ टकराव, इन सबने समाज में असंतोष को जन्म दिया है। महिलाएं केवल वस्त्रों या बाहरी आचरण के प्रश्न पर नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व, सम्मान और समान अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही हैं। यह संघर्ष इस बात को रेखांकित करता है कि कोई भी व्यवस्था, जो समानता और मानवीय गरिमा को नकारती है, लंबे समय तक स्थिर नहीं रह सकती। भारत का सनातन दर्शन मूलतः "अहं ब्रह्मास्मि" और "तत्वमसि" जैसे सूत्रों के माध्यम से प्रत्येक जीव में एक ही चेतना को देखता है। यहां स्त्री और पुरुष के बीच मौलिक स्तर पर कोई भेद नहीं, बल्कि दोनों को सृजन के पूरक रूप में स्वीकार किया गया है। वैदिक काल से लेकर उपनिषदों तक गार्गी, मैत्रेयी, लोपामुद्रा जैसी विदुषी स्त्रियां इस बात का प्रमाण हैं कि ज्ञान, संवाद और आध्यात्मिक विमर्श में स्त्रियों की भूमिका केंद्रीय रही है। इसके विपरीत जब किसी धर्म या विचारधारा की संकीर्ण व्याख्या स्त्री को द्वितीय श्रेणी में धकेल देती है, तो वह समाज को भीतर से कमजोर करती है। ईरान में चल रहा संघर्ष इसी असंतुलन का परिणाम है। कट्टरता मानव का मूल स्वभाव नहीं है। मानव का मूल स्वभाव सबका साथ और सबका विश्वास और सबका कल्याण है। आज पूरा यूरोप आतंकवाद से पीड़ित है। धार्मिक उग्रवाद और वैचारिक कट्टरता ने वहाँ की सामाजिक संरचना, सुरक्षा और सांस्कृतिक संतुलन को चुनौती दी है। दूसरी ओर अमेरिका की विदेश नीति पर अक्सर यह आरोप लगता रहा है कि वह दूसरे देशों पर प्रभुत्व या नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास करता है, जिससे वैश्विक असंतुलन और संघर्ष बढ़ते हैं। इसके विपरीत भारत का इतिहास देखें तो भारत ने कभी भी विस्तारवादी आक्रमण की नीति नहीं अपनाई। योग, आयुर्वेद, बौद्ध दर्शन, उपनिषद, भगवद्गीता और संत परंपरा के माध्यम से भारत का दर्शन पूरे विश्व में फैला है। आज जब विश्व वैचारिक ध्रुवीकरण और संघर्ष के दौर से गुजर रहा है, तब भारत का सनातन दर्शन एक दीपस्तंभ की तरह मार्गदर्शन करता है। ईरान की सामाजिक उथल-पुथल, यूरोप की आतंकवाद से पीड़ा और अमेरिका की प्रभुत्ववादी नीतियों के बीच भारत यह स्मरण कराता है कि शांति का मार्ग हिंसा, कट्टरता या वर्चस्व में नहीं, बल्कि समानता, सहिष्णुता और विश्व बंधुत्व में है। "वसुधैव कुटुम्बकम्" केवल भारत की विरासत नहीं, बल्कि विश्व का भविष्य है। यदि मानवता को वास्तव में शांति और कल्याण की ओर बढ़ना है, तो उसे भारत के इसी सनातन दर्शन की ओर लौटना होगा, जहां सबका अस्तित्व सुरक्षित हो और सबका कल्याण सुनिश्चित हो।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## छोटे- छोटे संकल्प आत्मविश्वास बढ़ाते हैं



संकलित
दर्शन

जिस प्रकार किसी भी पूजा को प्रारंभ करने से पूर्व हाथ में जल लेकर संकल्प लिया जाता है उसी प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसे करने का संकल्प लिया जाता है। बगैर संकल्प हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। संकल्प लेने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। संकल्प के पश्चात प्रयास प्रारंभ होते हैं। जब संकल्प दृढ़ होता है तो प्रयास को हिम्मत मिलती है, विजय की राह आसान हो जाती है। हमारी सफलता हमारे संकल्प पर निर्भर करती है। हम जितना भरोसा अपने संकल्प पर करेंगे उसी अनुपात में हमें सफलता प्राप्त होगी। यदि हमारा संकल्प विजय का है तो हमारी सफलता भी निश्चित है। संकल्प सकारात्मक ऊर्जा के रूप में सह प्रेरक का काम करता है। जीवन में छोटे-छोटे संकल्प लेते रहना चाहिए। जब हम छोटे-छोटे संकल्पों को पूर्ण करते हैं तो आत्मविश्वास और हमारी क्षमता में वृद्धि होती है। दृढ़ संकल्प में असीम शक्ति होती है, जो व्यक्ति को किसी भी प्रकार की बाधाओं से जूझने में सक्षम बनाती है। हालांकि, संकल्प लेकर उन्हें भूलना भी आम बात है। अक्सर हम देखते हैं कि नशे के आदी लोग रोज संकल्प लेते हैं कि वे अब आगे से नशा नहीं करेंगे, किंतु वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उनके संकल्प में दृढ़ता की कमी होती है। दृढ़ संकल्प शक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। जो संकल्प के साथ जीता है वह साधक होता है। कहते हैं कि एक सफल और असफल व्यक्ति के बीच में न तो योग्यता का अंतर होता है और न ही ज्ञान का, बल्कि अंतर है तो केवल दृढ़ संकल्प का और यही निर्णायक सिद्ध होता है।

## भगवान या भाग्य को दोष नहीं देना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

एक बूढ़ी महिला गौतम बुद्ध के पास पहुंची। उस महिला की बुद्ध के लिए गहरी आस्था थी। दरअसल, उस महिला के बेटे की मृत्यु हो गई थी। महिला बहुत दुखी थी और उसने बुद्ध से कहा कि आप मेरे बच्चे को जीवित कर दीजिए। महिला को लग रहा था कि बुद्ध उसके बेटे का जीवन बचा सकते हैं। बुद्ध ने महिला की बात सुनी और कुछ देर सोचने के बाद उन्होंने कहा कि ठीक है, मैं ऐसा कर दूंगा, लेकिन तुम्हें किसी ऐसे घर से मुट्ठी भर सरसों के दाने लेकर आना है, जहां कभी किसी की मौत न हुई हो। जिस परिवार ने किसी की मृत्यु का दुख नहीं देखा है, वहां से सरसों ले आओ। महिला ने सोचा कि ये तो छोटा सा काम है। बूढ़ी महिला गांव की ओर चल दी और एक-एक घर में जाकर पूछने लगी। महिला जिस घर में जाती, वहां कहती कि अगर आपके घर में कभी किसी की मृत्यु न हुई हो तो एक मुट्ठी सरसों के दाने दे दीजिए। गांव के सभी लोगों का यही जवाब रहता था कि हमारे घर में मृत्यु तो हुई है। कुछ लोगों की बढ़ी उम्र में हुई है तो किसी की असमय हुई। जब सभी घरों से ऐसे ही उत्तर मिल रहे थे तो महिला समझ गई कि बुद्ध ने मुझे जरूर कुछ सोचकर ही भेजा है। जब वह लौटकर बुद्ध के पास पहुंची, तब तक वह जान चुकी थी कि एक दिन मौत सबको आनी है। उसका शोक लंबे समय तक नहीं मनाना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### बेटियों की लोहड़ी भी जरूर मनाएं

भारत का प्रसिद्ध त्योहार लोहड़ी हमें बुराई और अनैतिक कामों की राह पर न जाने का संदेश देता है। लोहड़ी से जुड़ी एक कहानी यह भी है कि मुगल शासक अकबर के शासनकाल में पंजाब में दुल्ला भट्टी नाम का एक युवक था। इन्होंने लड़कियों की सुरक्षा के लिए काम किया था। पाकिस्तान में स्थित संदलबार क्षेत्र में लड़कियों की खरीद-फरोख्त उस वक्त होती थी। दुल्ला भट्टी ने इस घटिया कारोबार का भांडा फोड़ा था और लड़कियों की रक्षा की थी। दुल्ला भट्टी के इस महान काम के कारण इसे नायक की उपाधि भी दी गई। इसलिए लोहड़ी के दिन दुल्ला भट्टी को याद किया जाता है। बहरहाल, आज जरूरत इस बात की है कि संकीर्ण सोच छोड़कर बालिकाओं का सम्मान किया जाए।

*- सुरेश ठाकुर, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़ा



2025 में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया, जिससे रोजगार सृजित हुए और विदेशी मुद्रा का प्रवाह बढ़ा। 2026 में भी यह गति जारी रहेगी क्योंकि चार सेमीकंडक्टर संयंत्र व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर देंगे।

**- अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय सूचना मंत्री**

### सीएसपीओसी की मेजबानी



समृद्ध संसदीय लोकतंत्र का गौरवशाली प्रतीक भारत, 14 से 16 जनवरी 2026 तक राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (सीएसपीओसी) की मेजबानी करने जा रहा है।

**- ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष**

### ड्रेनेज व्यवस्था विकसित



दिल्ली में जलभराव की दशकों पुरानी समस्या को लेकर दिल्ली सरकार का काम सिर्फ बरसात के दिनों तक सीमित नहीं है। सालभर, लगातार और सिस्टम के साथ एक मजबूत ड्रेनेज व्यवस्था विकसित की जा रही है। इसी दिशा में 4 बड़े ट्रंक ड्रेनों का निर्माण युद्धस्तर पर चल रहा है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### बजट पूर्व चर्चा



नारी शक्ति ही प्रदेश की प्रगति का आधार है। हमारी सरकार इसी विजन को विकास की धुरी बना रही है। इसी विजन को लेकर आज मुख्यमंत्री कार्यालय में आगामी बजट के संदर्भ में विभिन्न क्षेत्रों से आई महिला प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व चर्चा की।

**- भजनलाल, सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर


### सिंगापुर में दुर्लभ हिमालयी गिद्ध को बचाया गया



सिंगापुर में एक राजमार्ग से 'जल्द ही संकटग्रस्त होने वाली' श्रेणी में शामिल एक दुर्लभ हिमालयी गिद्ध को बचाया गया है और उसे छोड़ने से पहले स्वस्थ अवस्था में लाया जा रहा है। यहां एक पशु कल्याण समूह ने यह जानकारी दी। एनिमल कंसर्न्स रिसर्च एंड एजुकेशन सोसाइटी (एसीआरईसी) ने 11 जनवरी को परेशान हालत में दिखे प्रवासी पक्षी को बचाया था। समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कलई वनन बालकृष्णन ने यह जानकारी दी। फिलहाल एसीआरईसी की पशु चिकित्सा टीम गिद्ध की देखभाल कर रही है। टीम ने गिद्ध के पूरी तरह स्वस्थ होने और फिर उसे जंगल में छोड़े जाने की उम्मीद जताई है। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' ने सोमवार को एक खबर में बालकृष्णन के हवाले से कहा, 'शरीर में पानी की कमी, कमजोरी और लंबी यात्रा के कारण थकान जैसी शुरुआती स्वास्थ्य समस्याएं गिद्ध में दिख रही हैं।' उन्होंने कहा कि 11 जनवरी की दोपहर को एक व्यक्ति ने एसीआरईसी को गिद्ध के बारे में जानकारी दी थी, जिसके बाद तीन सदस्यीय बचाव टीम ने राजमार्ग पर घूम रहे गिद्ध को सुरक्षित पकड़ लिया। इससे पहले वह एक नहर में अटका हुआ था। हिमालय के ऊंचाई वाले इलाकों में आम तौर पर पाए जाने वाले हिमालयी गिद्ध सिंगापुर में बहुत कम देखे जाते हैं।

## ऑफ बीट

### बढ़ापे में दिमाग दुरुस्त रखने में जैविक घड़ी की अहम भूमिका



मानव शरीर में मौजूद 24 घंटे की जैविक घड़ी चुपचाप यह समन्वय करती है कि हम कब सोते हैं, जागते हैं, खाते हैं और आराम करते हैं। यह आंतरिक समय प्रबंधन प्रणाली अंगों और हार्मोन को तालमेल बैठाकर काम करने में मदद करती है। हालांकि, जब जैविक घड़ी अव्यवस्थित हो जाती है, तो इसके प्रभाव खराब गुणवत्ता वाली नींद से कहीं अधिक व्यापक हो सकते हैं और ढलती उम्र में दिमागी सेहत में गिरावट का कारण भी बन सकते हैं। बुजुर्गों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि जिन लोगों की जैविक घड़ी अधिक व्यवस्थित होती है, उनके डिमेंशिया की चपेट में आने का जोखिम लगभग 50 फीसदी तक घट जाता है। जैविक घड़ी सोने का समय, हार्मोन का उत्पादन, हृदयगति और शरीर का तापमान सहित कई अन्य दैनिक शारीरिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाती है। व्यवस्थित जैविक घड़ी को अक्सर नींद की खराब गुणवत्ता से जोड़ा जाता है। विभिन्न अध्ययनों में खराब गुणवत्ता वाली नींद का डिमेंशिया और दिल की बीमारियों के बढ़ते जोखिम से सीधा संबंध पाया गया है। साल 2025 में किए गए अध्ययन में प्रतिभागियों की दिल की सेहत और रक्तचाप का भी विश्लेषण किया गया, जो अन्य कारकों के साथ-साथ नींद की गुणवत्ता पर निर्भर करते हैं।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




**हरिभूमि** ने पहले ही छत्तीसगढ़ में आईपीएल मैचों की संभावना की जानकारी दे दी थी




# 10 साल बाद रायपुर में लौटा आईपीएल का रोमांच, विराट-टीम खेलेगी 2 मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। राजधानी रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 10 साल लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर आईपीएल का रोमांच लौटने जा रहा है। आईपीएल 2026 सीजन के दो महत्वपूर्ण मुकाबले रायपुर में खेले जाएंगे, जिसमें दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु नजर ▶▶|शेष पेज 5 पर

खास खबर

- रायपुर में 2016 में हुआ था अंतिम आईपीएल मैच, अब फिर से मेजबानी
- जल्द जारी होगा मैच शेड्यूल : शेड्यूल के बाद ही खुलेगा सस्पेंस, रायपुर में आरसीबी से कौन भिड़ेगा?




### रायपुर की दावेदारी पहले से ही मजबूत थी

*रायपुर में आईपीएल के मैच को लेकर रायपुर की दावेदारी पहले से ही मजबूत थी। होलकर स्टेडियम, इंदौर में जहां सिर्फ 30,000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है, वहीं रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 60,000 से ज्यादा दर्शकों की क्षमता है। सिर्फ सीटिंग ही नहीं, रायपुर स्टेडियम पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था के मामले में भी इंदौर से कहीं आगे थी। विराट कोहली की लोकप्रियता और भीड़ नियंत्रण एक बड़ी चुनौती होती है। ऐसे में आरसीबी के लिए रायपुर एक सुरक्षित और विशाल विकल्प नजर आया। बता दें कि खुद विराट कोहली ने भी रायपुर में दिसंबर में शानदार शतक जड़ा था, जिससे यहां की पिच और माहौल को लेकर टीम के भीतर सकारात्मक रुझान है।*

### बेंगलुरु की जगह रायपुर बना दूसरा 'होम ग्राउंड'

*आरसीबी पिछले सीजन में बेंगलुरु में हुए हादसों और सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण टीम प्रबंधन नए मैदान की तलाश में था। इंदौर और रायपुर के बीच हुई इस दौड़ में अंततः रायपुर के आधुनिक स्टेडियम और सुविधाओं पर सहमति बनी। तय कार्यक्रम के अनुसार, आरसीबी अपने दो मैच रायपुर में और पांच मैच नवी मुंबई में खेलेगी। रायपुर में आखिरी बार आईपीएल के मैच साल 2016 में खेले गए थे। अंतिम मैच दिल्ली और आरसीबी के बीच ही खेला गया था। अब एक दशक बाद दुनिया के सबसे बड़े टी-20 लीग की वापसी से खेल प्रेमियों* ▶▶|शेष पेज 5 पर

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने दी धमकी, भारत पर भी पड़ सकता है असर

# ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर ट्रंप लगाएंगे 25 फीसदी टैरिफ

*अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि ईरान के साथ 'व्यापार करने वाले' किसी भी देश को अमेरिका के साथ अपने व्यापार पर 25 प्रतिशत शुल्क का भुगतान करना होगा। इस कदम का भारत, चीन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे ईरान के प्रमुख व्यापारिक भागीदारों पर असर पड़ सकता है।*

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क/वाशिंगटन/तेहरान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, तत्काल प्रभाव से इस्लामिक गणराज्य ईरान के साथ व्यापार करने वाले किसी भी देश को अमेरिका के साथ किए जाने वाले सभी प्रकार के व्यापार पर 25 प्रतिशत का शुल्क देना होगा। यह आदेश अंतिम और निर्णायक है। ट्रंप ने कहा है कि ईरान अब 'सीमाएं लांघ रहा' है और इसी वजह से उन्हें और उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम को 'कठोर विकल्पों' पर विचार करना पड़ रहा है। ईरान के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में चीन, तुर्किये, भारत, यूएई, पाकिस्तान और आर्मेनिया शामिल हैं। ट्रंप की इस घोषणा का असर भारत पर पड़ सकता है जो हाल के वर्षों में ईरान के पांच सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक रहा है। अमेरिका ने पहले ही भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है, जो दुनिया के किसी भी देश पर लगाए गए सबसे अधिक शुल्क में से एक है। इसमें भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत शुल्क भी शामिल है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास के अनुसार, ▶▶|शेष पेज 5 पर

### ईरान के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में चीन, तुर्किये, भारत, यूएई, पाकिस्तान और आर्मेनिया शामिल

**ट्रंप ने क्यों दी धमकी**

ट्रंप ईरान में जारी हिंसक विरोध प्रदर्शनों के खिलाफ की गई कार्रवाई को लेकर ईरान पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसमें देश भर में लगभग 2000 से अधिक लोग मारे गए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ने बार-बार ईरान को धमकी देते हुए कहा है कि अगर उनके प्रशासन को पता चलता है कि इस्लामी गणराज्य की सरकार प्रदर्शनकारियों के खिलाफ घातक बल का प्रयोग कर रही है तो वह सैन्य कार्रवाई करेंगे। 'व्हाइट हाउस' (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने सोमवार को पत्रकारों से कहा, ईरानी शासन की ओर से सार्वजनिक रूप से जो कुछ सुनने को मिल रहा है वह प्रशासन को निजी तौर पर मिल रहे संदेशों से काफी अलग है और मुझे लगता है कि राष्ट्रपति उन संदेशों की पड़ताल करने में रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा, हालांकि, इन सब बातों के बावजूद राष्ट्रपति ने यह दिखा दिया है कि जब भी उन्हें आवश्यक लगता है वह सैन्य विकल्पों का उपयोग करने से नहीं डरते।



### राष्ट्रपति के विशेष दूत निभाएंगे विशेष भूमिका

व्हाइट हाउस ने ईरान की वार्ता के प्रयासों के बारे में बहुत कम जानकारी दी है, लेकिन लेविट ने पुष्टि की है कि राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ तेहरान के साथ बातचीत में एक प्रमुख भूमिका निभाएंगे। रविवार शाम को ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि ईरान के अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की जा रही है लेकिन साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि बैठक से पहले जो कुछ हो रहा है उसके कारण हमें कार्रवाई करनी पड़ सकती है। ट्रंप ने कहा, हम स्थिति पर बहुत बारीकी से नजर रख रहे हैं।

### अब 27 देशों में नहीं चलेगा ईरानी रियाल

यूरोप में ईरान की करेंसी रियाल की कीमत शून्य हो चुकी है। इससे यूरोपीय देशों में ईरानी रियाल एक्सचेंज नहीं किया जा सकेगा। रियाल की हालत यह है कि भारतीय मुद्रा के मुकाबले इसकी कीमत 0.000091 पैसे रह गई है। वहीं अमेरिकी डॉलर के मुकाबले ईरानी रियाल 0.0000010 सेंट पर आ गया है। हालांकि, इसकी कीमत यूरो के मुकाबले शून्य हो गई है। इसका मतलब है कि अब यूरोप के 27 देशों में ईरानी रियाल नहीं चलेगा. रियाल की हालत यह है कि भारतीय मुद्रा के मुकाबले इसकी कीमत 0.000091 पैसे रह गई है।

### कई शहरों में प्रदर्शन अब तक 2000 मौतें

ईरान में पिछले दो हफ्तों से जारी देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के दौरान अब तक 2,000 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में प्रदर्शनकारी और सुरक्षा बलों के जवान भी शामिल हैं। एक ईरानी अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह पहली बार है, जब ईरानी अधिकारियों ने इतनी बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों की मौत के आंकड़े को सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है। इससे पहले एक मानवाधिकार संगठन ने सैकड़ों लोगों की मौत की पुष्टि की थी और कहा था कि हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# सोना-चांदी की महंगाई ने फीकी की सराफा की चमक दूर हो गए आम खरीदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



हरिभूमि सरोकार

सोने और चांदी के दाम लगातार आसमान पर जा रहे हैं। ऐसा होने से निवेशक तो लगातार खरीदारी कर रहे हैं, लेकिन आम ग्राहक पूरी तरह से सराफा बाजार से दूर हो गए हैं। ऐसा होने से सराफा कारोबारियों की हालत खराब हो गई है। जिन कारोबारियों का रोज का 50 लाख तक का कारोबार होता है, उनका कारोबार 10 लाख तक सिमट गया है। छोटे कारोबारियों की हालत ज्यादा खराब है। दो-चार लाख का कारोबार करने वालों का कारोबार चल ही नहीं रहा है, इनके लिए खर्च निकलना मुश्किल हो गया है। कई कारोबारियों को बोहनी के भी लाले पड़ गए हैं। बड़े कारोबारियों के यहां भी दोपहर से लेकर शाम तक जाकर बोहनी हो रही है। इतिहास में पहली बार सोने और चांदी के दाम इतनी तेजी से बढ़ रहे हैं। सोना जहां इस समय डेढ़ लाख के करीब पहुंच गया है, वहीं चांदी के दाम ढाई लाख के पार हो गए हैं। ऐसा होने के पीछे बड़ा कारण सट्टा बाजार है। सटोरियों के कारण दाम में इतनी ज्यादा तेजी आती जा रही है।

### अब आम खरीदारी बंद

सराफा कारोबारियों का कहना है कि पहले जब सोने और चांदी के दाम कम रहते थे तो आम ग्राहकों की खरीदारी रोज होती थी। जिनके पास भी कुछ बचत होती थी वो छोटे सोने और चांदी के जेवर ले लेते थे। कोई पांच हजार की खरीदारी कर लेता तो कोई 25 हजार की भी खरीदारी कर लेता था। यह आम बात थी, लेकिन अब इस तरह की खरीदारी पूरी तरह से बंद हो गई है। अब महज जरूरत की खरीदारी ही हो रही है।

### कारोबार बुरी तरह से प्रभावित

सोने और चांदी के दाम बढ़ने से कारोबार बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। अब तो दुकानदारों के लिए खर्च निकालना मुश्किल हो गया है। आम खरीददार पूरी तरह से आने बंद हो गए हैं। अब बस शादियों के जरूरत की ही खरीदारी हो रही है।

**-लक्ष्मी नारायण लाहोटी,** सराफा कारोबारी

### कम ग्राम की खरीदारी

शादियों के लिए जो ग्राहक अपने बजट में पहले 5 से 10 तोले के सोने के जेवर लेते थे, उनकी खरीदारी अब दो से चार तोले पर आ गई है। एक-दो तोले की खरीदारी करने वाले खरीदारी ही नहीं कर पा रहे हैं। जिनके पास 50 हजार से एक लाख का बजट है, उनको तो एक तोले के जेवर भी नहीं मिल सकते हैं। ऐसे ग्राहक अब कम कैरेट वाले जेवरों की तरफ जा रहे हैं। चांदी के जेवर बेचने वालों ने तो बड़ी और मोटी 10 से 15 तोले की पायलों को बंद करके रख दिया है। इनकी खरीदारी नहीं हो रही है। अब बहुत पतली एक दो तोले की पायल ही बिक रही है। ऐसा ही अन्य जेवरों के साथ हो रहा है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### अमेरिका में एक लाख वीजा किए गए रद्द

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका में आपराधिक गतिविधि का हवाला देकर आप्रवासियों के खिलाफ की गई व्यापक कार्रवाई के तहत 2025 में 8,000 छात्र वीजा समेत एक लाख से अधिक वीजा रद्द कर दिए गए। अमेरिका को सुरक्षित बनाने के लिए हम इन ठगों को प्रत्यर्पित करते रहेंगे। अमेरिका में आपराधिक गतिविधियों के लिए कानून की धज्जियां उड़ाने वालों पर कार्रवाई करते हुए विदेश मंत्रालय ने 8,000 छात्र वीजा और 2,500 विशेष वीजा समेत 1,00,000 वीजा रद्द कर दिए हैं।

### शेयर निवेश के नाम पर एक करोड़ की ठगी

**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस ने ठाणे के एक व्यवसायी से फर्जी निवेश योजना के जरिए एक करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में तीन व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। 43 वर्षीय व्यवसायी को पिछले साल जून में सोशल मीडिया के एक मंच पर एक विज्ञापन मिला, जिसमें आईपीओ और शेयरों में निवेश पर उच्च रिटर्न की पेशकश की गई थी। इसके बाद उन्होंने इस सिलसिले में तीन लोगों से संपर्क किया।

# 19 को होगा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव, प्रदेश के भाजपा नेता भी बनेंगे प्रस्तावक, समर्थक



- प्रदेश में राष्ट्रीय परिषद के 17 सदस्य बने हैं, मुख्यमंत्री साय समेत मंत्री और विधायक की भी रहेगी अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 19 जनवरी को होगा। 19 जनवरी को नामांकन होगा और फिर उसी दिन या फिर 20 जनवरी को अध्यक्ष का ऐलान होगा। कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन के ही पूर्णकालिक अध्यक्ष बनने की संभावना है। इस बार नए अध्यक्ष के चुनाव में छत्तीसगढ़ की भी भूमिका भी अहम रहेगी। चुनाव में प्रदेश को भी भागीदारी करने का पूरा मौका मिलेगा। प्रदेश में इस बार भाजपा प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे होने के साथ राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का भी चुनाव हो गया है। प्रदेश के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के नामांकन में प्रस्तावक और समर्थक बनेंगे। कई राज्यों की तरफ से नामांकन भरा जाएगा। छत्तीसगढ़ की तरफ से भी एक ▶▶|शेष पेज 5 पर

### प्रदेश से 17 राष्ट्रीय परिषद के सदस्य


भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में कई राज्यों के राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों से नामांकन फार्म में प्रस्तावक और समर्थक के रूप में हस्ताक्षर कराए जाते हैं। पिछली बार जब 2020 में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में जेपी नड्डा अध्यक्ष बने, तब छत्तीसगढ़ में प्रदेश संगठन का चुनाव पूरा न होने के कारण छत्तीसगढ़ को इसमें भागीदारी का मौका नहीं मिला था, लेकिन इस बार चुनाव पूरे होने के कारण छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय परिषद के 17 सदस्यों के साथ ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव को भी प्रस्ताव और समर्थक बनने का मौका मिलेगा। प्रदेश में जो राष्ट्रीय परिषद के सदस्य बने हैं, उनमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, लता उसेंडी, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, संतोष पांडेय, विजय बघेल, रूपकुमारी चौधरी, राज्य सभा सांसद देवेंद्र राजा प्रताप सिंह, विधायक विक्रम उसेंडी, पुन्नूलाल मोहिले, प्रदेश के मंत्री दयालदास बघेल, केदार कश्यप, पूर्व विधायक ननकी राम कंवर और खूबचंद पारख शामिल हैं। इनको जहां प्रस्तावक और समर्थक बनने का मौका मिलेगा, वहीं अध्यक्ष का चुनाव होने की स्थिति में इनको मतदान का भी अधिकार मिलेगा।

# बस्तर अंचल से सतत संवाद, विकास से मजबूत होगा जनविश्वास : साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

छत्तीसगढ़ के विकास में लंबे समय से सबसे बड़ी बाधा रहे नक्सलवाद का अंत अब निर्णायक चरण में पहुंच चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सशक्त नेतृत्व तथा सुरक्षाबलों के अदम्य साहस के कारण नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति बहाल ▶▶|शेष पेज 5 पर



### सुविधाओं पर विस्तार

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नक्सलवाद की समाप्ति के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, पेयजल, बिजली और संचार जैसी मूलभूत सुविधाओं का तीव्र गति से विस्तार अत्यंत आवश्यक है, ताकि दूरस्थ से दूरस्थ क्षेत्रों तक विकास की ▶▶|शेष पेज 5 पर

### इन पर भी गहन समीक्षा

बैठक में पेयजल, विद्युतीकरण और मोबाइल कनेक्टिविटी की गहन समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने फ्लोराइड प्रभावित क्षेत्रों में स्थायी समाधान के लिए सतही जल स्रोतों से आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने, शेष गांवों के शीघ्र विद्युतीकरण तथा दूरस्थ इलाकों ▶▶|शेष पेज 5 पर

**कस्टम मिलिंग घोटाला मामला**

# टुटेजा, ढेबर सहित चार को हाईकोर्ट से मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग घोटाला केस में हाईकोर्ट ने अनवर ढेबर और रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा को जमानत दे दी है। वहीं शराब घोटाला मामले में 2 आरोपी मुकेश मनचंदा और अतुल सिंह को भी जमानत मिली है। बचाव पक्ष के वकील हर्षवर्धन परघनिया ने बताया कि कस्टम मिलिंग घोटाले में ईओडब्ल्यू ने मामला दर्ज किया था, जिस पर ढेबर ▶▶|शेष पेज 5 पर

### सौम्या की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**बिलासपुर।** बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में आरोपी राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी और भूपेश सरकार में डिप्टी सेक्रेटरी रही रहीं सौम्या चौरसिया को बड़ा झटका लगा है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। हाईकोर्ट की सिंगल ▶▶|शेष पेज 5 पर

## सरकार का बड़ा फैसला, ब्लिंकिट ने हटाया दावा

# अब 10 मिनट में नहीं मिलेगा ऑनलाइन सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने डिलीवरी ब्वॉज की सुरक्षा को देखते हुए बड़ा फैसला लिया है। श्रम मंत्रालय ने 10 मिनट की डिलीवरी पर रोक लगा दी है। इसको लेकर विभाग ने देश की प्रमुख ऑनलाइन डिलीवरी कंपनियों जैसे स्विगी, जोमैटो से बात भी की है।

इस मसले पर केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडविया ने ब्लिंकिट, जेप्टो, स्विगी और जोमैटो के अधिकारियों से बात की थी और डिलीवरी के लिए समय सीमा हटाने की बात कही थी। सभी कंपनी ने सरकार को आश्वासन दिया कि वो अपने ब्रेंड ऐड सोशल मीडिया से डिलीवरी की समय सीमा हटाएंगे।

### गिग कर्मियों ने की थी हड़ताल

दस मिनट में डिलीवरी के वादे के कारण वर्ष 2025 की पूर्व संध्या पर गिग कर्मियों ने देशव्यापी हड़ताल की थी। जेप्टो, इंस्टामार्ट और बिगबास्केट के लिए 10 मिनट में डिलीवरी की ब्रांडिंग अभी भी गूगल प्ले स्टोर और आईओएस ऐप स्टोर पर दिखाई दे रही है, लेकिन ब्लिंकिट के लिए ऐसी कोई ब्रांडिंग अब वहां मौजूद नहीं है। हाल में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इटर्नल ग्रुप के सीईओ दीपिंदर गोयल ने लिखा था कि 10 मिनट में डिलीवरी का वादा सामान पहुंचाने वालों पर दबाव नहीं डालता है और न ही असुरक्षित ड्राइविंग का कारण बनता है।




### ब्लिंकिट ने हटाया दावा

इटर्नल के स्वामित्व वाली इकाई ब्लिंकिट ने डिलीवरी कर्मियों के कल्याण से जुड़ी बढ़ती चिंताओं के बीच सभी मंच से अपना '10 मिनट में' डिलीवरी का दावा हटा लिया है। कंपनी ने अपनी टैग-लाइन को '10 मिनट में 10,000 से अधिक उत्पाद पहुंचेंगे' से बदलकर अब '30,000 से अधिक उत्पाद आपके दरवाजे पर पहुंचेंगे' कर दिया है।

### क्या हुआ है फैसला

- लगातार दखल के बाद, केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने बड़े डिलीवरी एग्रीगेटर्स को जरूरी 10-मिनट की डिलीवरी डेडलाइन हटाने के लिए मना लिया है।
- डिलीवरी टाइमलाइन से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के लिए ब्लिंकिट, ज़ेप्टो, ज़ोमैटो और स्विगी जैसे बड़े प्लेटफॉर्म्स के साथ एक मीटिंग हुई।
- ब्लिंकिट ने पहले ही इस निर्देश पर काम किया है और अपनी ब्रांडिंग से 10-मिनट की डिलीवरी का वादा हटा दिया है




*प्रयागराज। गंगा तट पर 3 जनवरी को माघ मेला शुरू हो गया है जो एक माह तक चलेगा। माघ मेले में इस बार भी, भारत और विदेश से आए श्रद्धालुओं के बीच कुछ ऐसे साधु-संत देखे गए हैं, जिनके तौर-तरीकों और जीवनशैली ने लोगों को हैरान कर दिया है, जैसे हड्डियों को चबाने वाले साधु से लेकर 36 साल से नहाए बिना रहने वाले सहित अन्य हठयोगी बाबा वहां मौजूद हैं जिनके वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं।*

**माघ मेले में मौजूद है कई अतरंगी बाबा**

# कहीं हड्डी चबाने वाले साधु, तो कहीं 3 फुट के अघोरी बाबा

### हड्डियां चबाने वाले साधु बाबा

प्रयागराज माघ मेले का एक वीडियो इन दिनों सुर्खियां बटोर रहा है, जिसमें एक अघोरी साधु हड्डियों को चबाते हुए दिख रहा है। जब साधु से इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि यह भी उनकी आध्यात्मिक साधना का एक हिस्सा है। उन्होंने बताया कि दूसरे साधु-संतों की तरह वह भी ध्यान करते हैं और भजन गाते हैं और भगवान की भक्ति में लीन रहते हैं।

**3 फुट 8 इंच के बाबा :** माघ मेले में आए गंगापुरी महाराज की ऊंचाई सिर्फ 3 फुट 8 इंच है जिसकी वजह से उन्हें दुनिया का सबसे छोटा बाबा कहा जा रहा है। गंगापुरी बाबा की उम्र 58 साल है। वह अर्धनारीश्वर के उपासक हैं। वे एक हाथ में चूड़ियां और कंगन पहनते हैं। बाबा का दावा है कि उन्होंने पिछले 36 सालों से स्नान नहीं किया है। स्नान करने के बजाय, वह अपने शरीर पर भस्म लगाते हैं।

## महेशानंदगिरी 12 वर्ष रहेंगे खड़े, अभी हुए 5 वर्ष

सालों से खड़े होकर हठयोग करने वाले संत महेशानंद गिरि महराज बांगलामुखी समस्या कर रहे हैं। इन्होंने 12 वर्ष खड़े होकर तपस्या करने का संकल्प लिया है लेकिन इनको अभी 5 वर्ष ही हुआ है और इनका यह हठयोग राष्ट्र कल्याण के लिए है माघ मेले की व्यवस्थाओं को लेकर उन्होंने जमकर तारीफ की है।



**7 साल से एक पैर पर खड़े बाबा :** प्रयागराज माघ मेले में आए एक और अनोखे बाबा शंकरपुरी पिछले 7 सालों से एक पैर पर खड़े हैं। 26 साल के नागा बाबा शंकरपुरी उत्तर प्रदेश के सीतापुर ज़िले के नैमिषारण्य के बाबा पिछले सात सालों से एक पैर पर खड़े होकर तपस्या कर रहे हैं।

### कुटिया में धूनी रमाए हैं सेंट बाबा

सेंट वाले बाबा माघ मेला क्षेत्र के सेक्टर दो में अपनी कुटिया में बैठकर अपने पूरे शरीर में भस्म लगाकर बैठे हैं। सेंट वाले बाबा अपने भक्तों के ऊपर सेंट जिसे हम परफ्यूम और इत्र कहते हैं उसके ऊपर छिड़ककर उसे अपना आशीर्वाद देते हैं। बाबा श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन से जुड़े हुए है। सेंट वाले बाबा अपनी कठोर तपस्या और साधना में पूरा दिन लीन रहते हैं।

**अनाज वाले बाबा ने जटाओं में उगाईं जौ :** माघ मेले में आए इन संतों में सोनभद्र के मारकुंडी से आए अमरजीत योगी भी शामिल हैं। अमरजीत योगी ने अपनी जटाओं में जौ उगा रखा है, जिसकी वजह से लोग इन्हें अनाज वाले बाबा के नाम से भी जानते हैं। हठ योगी अमरजीत योगी के मुताबिक उन्होंने 15 वर्ष का संकल्प ले रखा है। इस बार 9वें वर्ष उन्होंने अपनी जटाओं में जौ, चना, उड़द और मूंग के भी बीज रोपे हैं।

### स्कूटी वाले, फलाहार वाले और फटीचर बाबा

माघ मेले में 65 वर्षीय स्वामी अमोहा नंद महाराज, जो मेले में स्कूटी पर घूमते हैं। जमींदार परिवार में जन्मे स्वामी अमोहा नंद महाराज का बचपन से ही हनुमान जी से विशेष लगाव था। मेले में रायबरेली के 59 वर्षीय सेवानिवृत्त सैनिक रंजीत सिंह, जिन्होंने 20 साल से अन्न का त्याग कर सिर्फ फलाहार पर जीवन जी रहे हैं। वहीं, चित्रकूट के 'फटीचर बाबा' का शिविर भी है, जहां के साधु भिक्षा नहीं मांगते, बल्कि खुद खाना बनाकर जरूरतमंदों को खिलाते हैं।

**11000 रुद्राक्ष धारण किए हैं दिगंबर अजय गिरी :** प्रयागराज मेले में आकर्षण का केंद्र 11,000 रुद्राक्ष की माला पहने नागा साधु निरंजनी पंचायती अखाड़ा के दिगंबर अजय गिरि हैं। उन्होंने सिर से लेकर गले तक में लंबी-लंबी रुद्राक्ष की माला धारण की हैं।

## खबर संक्षेप

### 'जन नायकन' मामले में 19 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई



**नई दिल्ली।** टीवीके प्रमुख विजय अभिनीत तमिल फिल्म 'जना नायकन' के निर्माता द्वारा दायर याचिका पर उच्चतम न्यायालय 19 जनवरी को सुनवाई करेगा। इस याचिका में मद्रास उच्च न्यायालय के उस अंतरिम आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें एकल पीठ के निर्देश पर रोक लगा दी गई थी। एकल पीठ के न्यायाधीश ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड को फिल्म को मंजूरी देने का निर्देश दिया था।

### डिप्टी सीएम के 'चूड़ा दही' भोज में पहुंचे तेजप्रताप



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद के उनसे अलग रह रहे बड़े बेटे तेज प्रताप ने यादव मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा यहां आयोजित 'चूड़ा दही' भोज में शिरकत की। राजद से निष्कासन के बाद अपनी नई पार्टी जनशक्ति जनता दल बनाने वाले पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव का सिन्हा ने गर्मजोशी से स्वागत किया। यादव ने कुछ दिन पहले उपमुख्यमंत्री से मुलाकात की थी।

### आर्मी चीफ बोले- ऑपरेशन सिंदूर स्थगित है, बंद नहीं हुआ

# बॉर्डर में 8 आतंकी कैंप एक्टिव, किसी भी दुस्साहस का दिया जाएगा मुंहतोड़ जवाब

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली**

आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। भविष्य में किसी भी तरह के आतंकी या सैन्य दुस्साहस के लिए हम पूरी तरह तैयार हैं। भारत पूरी ताकत से जवाब देगा। जनरल द्विवेदी ने बताया कि बॉर्डर के पास 8 आतंकी कैंप अभी भी सक्रिय हैं। अगर कोई हरकत होती है तो एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर, थलसेना, वायुसेना और नौसेना के तालमेल का बेहतरीन उदाहरण है। ऑपरेशन सिंदूर में 100 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। रविवार को बॉर्डर के पास ड्रोन देखे जाने के सवाल पर आर्मी चीफ बोले- वे बहुत छोटे ड्रोन हैं। ये लाइट जलाकर उड़ते हैं। बहुत अधिक ऊंचाई पर नहीं उड़ते और बहुत कम ही दिखाई दिए हैं। 10 जनवरी को लगभग 6 ड्रोन देखे गए, जबकि 11 और 12 जनवरी को 2 से 3 ड्रोन दिखाई दिए।




### पाक ड्रोन आतंकियों के लिए रास्ता खोज रहे

आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा हाल में देखे गए ड्रोन रक्षात्मक ड्रोन थे, जो यह देखने की कोशिश कर रहे थे कि कोई कार्रवाई तो नहीं हो रही है। वे जांचना चाहते हैं कि भारतीय सेना कहीं कोई कमी या ढिलाई तो नहीं कर रही, जिससे वे आतंकियों को भेज सकें। इंटरनेशनल बॉर्डर और नियंत्रण रेखा के सामने 8 आतंकी कैंप हैं, जिसमें ट्रेनिंग जैसी गतिविधि चल रही है। सेना नजर बनाए हुए है, एक भी गलती पर तुरंत एक्शन लिया जाएगा।

### 22 मिनट की कार्रवाई में आतंकी शिविर ध्वस्त

आर्मी चीफ द्विवेदी बोले 7 मई को 22 मिनट की शुरुआती कार्रवाई और 10 मई तक 88 घंटे तक चले समन्वित अभियान ने रणनीतिक समीकरणों को बदल दिया। इस दौरान आतंकी ढांचों पर अटैक किए गए। 9 में से 7 लक्ष्यों को नष्ट किया गया। 2025 में 31 आतंकवादियों को मार गिराया गया, जिनमें ज्यादातर पाकिस्तानी थे। इनमें पहलगाम हमले के आतंकी भी थे, जिन्हें ऑपरेशन महादेव में मार गिराया गया।

### आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी के पिछले 3 बयान

ऑपरेशन सिंदूर एक भरोसेमंद ऑर्केस्ट्रा जैसा था आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 22 नवंबर 2025 को कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर एक भरोसेमंद ऑर्केस्ट्रा की तरह था, जहां हर म्यूजिशियन ने एक साथ मिलकर काम करने वाली भूमिका निभाई। पाकिस्तान ने भी भारत के खिलाफ हमले किए और उसके बाद भारत के जवाबी हमले से पाक घुटनों में आ गया। न्यूक्लियर हथियारों से लैस दो पड़ोसियों के बीच करीब 88 घंटे तक चली मिलिट्री लड़ाई 10 मई की शाम को एक समझौते पर पहुंचने के बाद रुक गई।

### घाटी में दिख रहा सकारात्मक बदलाव

*आर्मी चीफ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में सकारात्मक बदलाव दिख रहे हैं। विकास के काम तेज हुए हैं। पर्यटन लौट रहा है और अमरनाथ यात्रा शांतिपूर्ण रही। 2025 में 4 लाख से ज्यादा श्रद्धालु आए, जो पिछले पांच साल के औसत से ज्यादा हैं। आतंक से पर्यटन की ओर बढ़ने की प्रक्रिया अब धीरे-धीरे आकार ले रही है।*

### आर्मी चीफ बोले- 1963 का पाक-चीन समझौता अवैध


*आर्मी चीफ ने कहा कि भारत, पाकिस्तान और चीन के बीच 1963 के समझौते को अवैध मानता है। जिसके तहत पाकिस्तान ने शक्सगाम घाटी में अपना क्षेत्र चीन को सौंप दिया था। उन्होंने कहा कि जहां तक चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे का सवाल है। हम इसे स्वीकार नहीं करते। हम इसे दोनों देशों की अवैध कार्रवाई मानते हैं।*

**जम्मू-कश्मीर के एलजी की बड़ी कार्रवाई**

# आतंकियों के मददगार पांच कर्मियों को किया बर्खास्त

**एजेंसी ▶▶। जम्मू**

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने टेरर इकोसिस्टम के खिलाफ अपनी जंग तेज कर दी है। एलजी मनोज सिन्हा ने लश्कर और हिज्बुल जैसे आतंकी संगठनों से जुड़े पांच सरकारी मुलाजिमों को तत्काल प्रभाव से नौकरी से निकाल दिया है। ये लोग सरकारी खजाने से तनख्वाह ले रहे थे और अंदर ही अंदर आतंकियों की मदद कर रहे थे। जांच के दौरान इनके काम और व्यवहार पर पैनी नजर रखी गई थी। आखिरकार जब इनके आतंकी रिश्तों के पुख्ता सबूत मिले, तो एलजी प्रशासन ने बिना देरी किए सभी को बर्खास्त करने का आदेश जारी कर दिया। इसके बाद सभी की सेवा समाप्त कर दी गई है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सरकारी मशीनरी में छिपे आतंकियों के समर्थक और उनके मददगार ओवरग्राउंड वर्कर्स को जड़ से खत्म करने के अभियान को तेज कर दिया है।



### इन विभागों में कार्यरत रहे ओवरग्राउंड वर्कर्स

*अधिकारियों ने बताया कि बर्खास्त किए गए कर्मचारियों में एक शिक्षक मोहम्मद इशाक, लैब तकनीशियन तारिक अहमद शाह, असिस्टेंट लाइनमैन बशीर अहमद मीर, फॉरेस्ट फील्ड वर्कर फारूक अहमद भट और स्वास्थ्य विभाग का एक ड्राइवर मोहम्मद यूसुफ शामिल है।*

**पाक की नापाक हरकत**

## एलओसी के पास फिर दिखे ड्रोन, सेना ने बरसाईं गोलियां

**जम्मू।** राजोरी जिले में नियंत्रण रेखा से सटे इलाकों राजोरी के केरी सेक्टर के डूंग गाला और उसके बाद ठंडीकस्सी में मंगलवार शाम को एक बार फिर पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए। सेना ने ड्रोन पर गोलीबारी की तो वे गायब हो गए। माना जा रहा है कि गोली से, ड्रोन या तो कहीं



गिरे हैं या फिर पाकिस्तान की तरफ वापस चले गए। रविवार शाम को भी राजोरी, पुंछ और सांबा जिले में पाकिस्तानी ड्रोनों की घुसपैठ हुई थी। शाम सात बजे से साढ़े सात बजे के बीच ये ड्रोन देखे गए। फिलहाल सेना ने दोनों क्षेत्रों में घेराबंदी कर दी है। सुबह तलाशी अभियान चलाया जाएगा। सेना ने लोगों से भी अपील की है कि वे सतर्क रहें और यदि कोई संदिग्ध वस्तु मिलती है तो तत्काल सेना को सूचित करें।

**सोमनाथ मंदिर को लेकर बोले शाह**

## 'सनातन धर्म को मिटाना आसान नहीं, ये सूरज और चांद की तरह अमर



**एजेंसी ▶▶। गांधीनगर**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि भारत के सनातन धर्म, संस्कृति, लोगों की आस्था को खत्म करना आसान नहीं है। अमित शाह ने सोमनाथ मंदिर के बीती सदियों में बार-बार तोड़े जाने और 16 बार पुनर्निर्माण का हवाला दिया। शाह ने कहा कि जिन लोगों ने सोमनाथ मंदिर पर हमले किए, वो मिट गए, लेकिन मंदिर आज भी उसी जगह पर पूरे गर्व के साथ खड़ा है। अमित शाह गुजरात दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने गांधीनगर में 267 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सोमनाथ मंदिर के भव्य कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पूरे सालभर देश में मनाया जाएगा।

**'सनातन धर्म, सूरज और चांद की तरह :** शाह ने कहा, '16 बार तबाह किए जाने के बावजूद सोमनाथ मंदिर 1000 साल बाद भी पूरे गर्व और सम्मान के साथ खड़ा है और इसके शीर्ष पर धर्मध्वजा लहरा रही है।' 'ये पूरी दुनिया के लिए संदेश है कि भारत के सनातन धर्म, संस्कृति और लोगों की आस्था को मिटाना आसान नहीं है। यह चांद और सूरज की तरह शाश्वत और अमर है। सोमनाथ मंदिर भारत की आस्था, विश्वास और गर्व का प्रतीक है।'

### पीएम मोदी ने किया स्वाभिमान पर्व का शुभारंभ



ज्ञात हो कि 11 जनवरी को पीएम मोदी ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का शुभारंभ किया था। यह पर्व सोमनाथ मंदिर पर महमूद गजनी के हमले और मंदिर के पुनर्निर्माण के 1000 हजार साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। महमूद गजनी ने साल 1026 में सोमनाथ मंदिर पर हमला किया था।





# नंदावत हे अब लमसेना परथा

परम्परा

लालेश्वर सिन्हा



कोनो कुंवारा लइका ह बिहाव होय के बाद अपन सास ससुर घर जाके रहीथे आऊ उहीचे रहीके कमाथे खाथे वोला लमसेना कहे जाथे। पहली देखे म आवत रीहिस कि गांव के गोटिया या बड़े मन जेकर एके झन बेटी रहय वोमन दमाद ल लमसेना रखय। गरीबहा घर के लइका बर ए परथा ह बने हो जाए। वोला बने द्वार मिल जात रिहिस। इज्जत घलव मिलत रीहिस। फेर देखे म आवत रीहिस कि लमसेना दमाद ह अपन ससुरार में जादा अधिकार नी जमा पावत रीहिस। काबर कि




सास ससुरार के पूंजी में रहत रीहिस। खेती बारी, घर दुवार के देख रेख करना, जीयत भर ले सास ससुर के सेवा जतन करना इही लमसेना के बुता राहय। गांव म काकरो घर लमसेना तेला पूरा गांव वोला लमसेना कहय। अइसन बिहाव ह दूनो पक्ष के आपसी सहमति ले होवत रीहिस। आजकाल अइसन परथा के चलागन ह अब देखे बर नी मिलय। कुछ कुछ जगा पहली के लमसेना मन भले देखे बर मिल जथे। समाज में ए परथा ह आने वाला दिन पूरा बंद हो जाहि लगथे।

लोक साहित्य

डा. व्यास नारायण दुबे

## आधुनिकीकरण प्रक्रिया के एक अंग के रूप म मानकीकरण



भासा के विकास ह कोनो पहली ले बनाए लेन या रद्दा के सहारा बन के नी चलय। भासा के इतिहास म कोनो अइसन बेरा घलव आ जथे, जब बाहरी शक्ति या प्रक्रिया ह भासा के सहज विकास के प्रक्रिया म भारी पड़थे अउ वोला अपन प्रभाव में ले लेथे। जईसे - आकस्मिक राजनीतिक परिवर्तन, युद्ध, तेज सामाजिक अउ आर्थिक गतिविधियां, ज्ञान अउ टेक्नोलॉजी के एकाएक विस्तार, जईसे कुछ अईसन परिस्थिति हावय, जेह समाज म संप्रेषण के भूमिका ल जन्म देथे। एकर ले भासा के ध्वनि व्यवस्था, लिपि व्यवस्था, शब्दावली, व्याकरण, वाक्य रूप अऊ इहा तक कि भासा के विचार पद्धति घला ओकर ले नवा नवा अपेक्षा करथे। अइसन स्थिति में संप्रेषणात्मक भूमिका मन के नवा स्वरूप निर्धारित होथे, जईसन - विदेशी उपनिवेश अउ वोकर मन के प्रभाव ले अइसन परिस्थिति बनथे, भासा के नवा रूप चलन में आधुनिक ज्ञान विज्ञान, प्रौद्योगिकी के ज्ञान म अपन भासा म व्यक्त करे खातिर विकासशील देश मन के इच्छा के सेती भासा मन के आधुनिकीकरण अऊ मानकीकरण के प्रक्रिया के शुरुआत होथे। मानकीकरण के प्रक्रिया ह देश के परिस्थिति के आधार ले कुछ हद तक अलग अलग हो सकथे।

आस्था

लोकनाथ केवड़ा

## दमदमा दाई की कृपा बनी रहती है भक्तों पर



जिला बलौदाबाजार -भाटापारा, तहसील कसडोल अंतर्गत ग्राम हसुवा को धार्मिक, सामाजिक महत्व के लिए जाना जाता है। यहां ग्राम के मध्य में प्राचीन दमदमा दाई आदि शक्ति देवी के प्रतीक नीम वृक्ष तले चबूतरा पर विराजमान है। यह मां चंडी का स्वरूप है। ग्रामीण किसी भी नए कार्य आरंभ करने, नव दंपत्ति के गृह प्रवेश के पूर्व तथा पारिवारिक मांगलिक कार्यों में दमदमा दाई का पहले आशीर्वाद लेते हैं। मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है। चैत और क्वांर नवरात्रि में भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाती है। मान्यता है कि गांव में माता की कृपा के कारण किसी प्रकार की अनिष्ट हानि नहीं होती है। विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम समय समय पर मंदिर परिसर में ही आयोजित किए जाते हैं। माता के जस की महिमा दूर दूर गांवों तक फैली हुई है। वर्ष भर भक्तों की भीड़ मंदिर में देखी जा सकती है।

**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- Choupalharibhoomi@gmail.com

लोक नृत्य

कुसुमलता सिंह

# आदिवासियों का बिना साज सज्जा दंडार नृत्य




आदिवासी दंडार नृत्य में पहला नमन हनुमान जी को, दूसरा नमन बिरसन देव, तीसरा नमन बड़ादेव और चौथा नमन गणेश जी को करते हैं। बैगा, भील, मुरिया, कोरकू, कोल और माडिया नृत्य के समय कोई साज सज्जा नहीं करते। पर्व तथा अन्य अवसरों पर किए जाने वाले नृत्यों में भी साज सज्जा नहीं करते। इसलिए इन्हें किसी भी समय नृत्य करने में दिक्कत नहीं होती। इस कारण इनके नृत्य अत्यधिक आकर्षक और दर्शनीय होते हैं। जनजातीय नृत्य आद्य कला के प्रमाणित दस्तावेज है। आधुनिक प्रभावों के कारण निरंतर बदलती जीवन शैली के कारण आदिम नृत्यों में भी परिवर्तन स्वाभाविक है। फिर भी अभी ऐसी कई आदिम जनजातियों में कमार, कोरवा, अबूझमाडिया ने अपनी पारंपरिक शैली में परिवर्तन होने से बचाया है। आदिम नृत्यों में आनंद की अभिव्यक्ति मुद्राओं, प्रतीकों और लय ताल की तन्मयता में अधिक होती है।



पर्यटन : कमलेश यादव

# रमदहा प्रपात में प्राकृतिक खूबसूरती का नजारा




कोरिया जिला मुख्यालय से 130 कि मी दूरी पर बैकुंठपुर, कठौतिया, चुटकी और भंवरखोल होते हुए मदहा प्रपात पहुंचा जाता है। बनास नदी पर चारों ओर पहाड़ों तथा जंगल से घिरा सुंदर इस प्राकृतिक स्थान में गर्मियों के दिनों में भी पर्याप्त पानी रहता है। श्यामवर्णीय चट्टानों से घिरा यह पर्वत जिसमें पानी रिसकर तथा प्रपात के रुप में लगभग 70 फीट ऊंचाई से गिरता है तथा एक बड़े तालाब अथवा झील में एकत्रित होकर पत्थरों से होता आगे बढ़ता है। बरसात के दिनों में यह स्थल और मनोरम हो जाता है। यहां एक शिवजी का प्राचीन मंदिर है जिसकी मान्यता भी अधिक है। रास्ता कच्चा और ऊबड़ खाबड़ होने के साथ ही एक छोटी नदी भी रास्ते में होने के कारण पर्यटकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ जाता है फिर भी यहां की खूबसूरती को देखने पहुंचते ही हैं।

गांव की कहानी

विजय शर्मा

## भोलेनाथ की प्राचीन नगरी भलेसर



बागबाहरा विकासखंड का प्राचीन ग्राम बिन्द्रानवागढ़ का अपना अलग महत्व है। इसी क्षेत्र के प्राचीन ग्रामों में एक भलेसर भी है। ग्राम से प्राप्त अवशेषों से पता चलता है कि नागवंशी राजाओं द्वारा 8 वीं शताब्दी स्थापित शिवलिंग है। यहां चंडी देवी स्थापित है जहां मानव चमड़े से बना ढोल आज भी है जो किसी संकट के समय स्वमेव बजता है। ऐसी लोक मान्यता है कि यहां जराही - बराही और मडिया पाट देवी की स्थापना है। भलेसर तालाब से टोनही डबरी छुरा तक सुरंग की जानकारी मिलती है जो कांकेर तक गई है। 20 वीं सदी में भी एक विशाल वृक्ष के नीचे शिवलिंग मिला, जहां पूजा अर्चना बिंझवार बैगाओ द्वारा की जाती है। यहां अनेक घटनाएं मनुष्यों द्वारा घटित होने की जानकारी भी मिलती है। गांव के बाहर टाडा भाटा है जिसमें आज भी खंडहर के अवशेष हैं। यहां बंजारा जाति के व्यापारियों की बस्ती थी। बंजारों का कबिला यहां वर्षों निवास किया। पास में कारी डोंगर है ऊपरी हिस्से में पठार और खंडहर कुआ है। डोंगरी के तलहटी में एक कुण्ड है जिसमें हमेशा जल भरा रहता है।

सुरता: डा. राजेश पाण्डेय

**1934- 35 में आप अपने विद्यार्थी जीवन में भारतीय कांग्रेस नेताओं से प्रभावित होकर स्वतंत्रता सेनानी के नेतृत्व में अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर का स्नेह प्राप्त कर इस क्षेत्र का कुशल नेतृत्व किए। सन 1937-38 में जिला शिक्षा समिति ने आपको शालेय शिक्षा समिति का सदस्य मनोनीत किया।**

# सामाजिक सरोकार को जीवन का आधार बनाया पं. छेदीलाल पाण्डेय ने



पं. छेदीलाल पाण्डेय का जन्म वर्तमान मल्हार ग्राम में 1 जुलाई सन 1916 को हुआ था। आपने भारतीय संस्कृति परम्परा का पोषण करते हुए गुरु धर्म का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया तथा कुशल शिक्षक के रूप में ख्याति अर्जित की। 1934- 35 में आप अपने विद्यार्थी जीवन में भारतीय कांग्रेस नेताओं से प्रभावित होकर स्वतंत्रता सेनानी के नेतृत्व में अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर का स्नेह प्राप्त कर इस क्षेत्र का कुशल नेतृत्व किए। सन 1937-38 में जिला शिक्षा समिति ने आपको शालेय शिक्षा समिति का सदस्य मनोनीत किया। भारत सेवक समाज की ओर से 1961 में पूना, बिहार और बिलासपुर के क्षतिग्रस्त बाढ़ पीड़ितों की सहायतार्थ सामाजिक सेवाएं प्रदान की। आपके प्रयास से केंद्रीय पुरातत्व संग्रहालय की स्थापना मल्हार में कराई गई। उक्त संग्रहालय में अनेक दुर्लभ पाषाण प्रतिमाएं संग्रहित हैं। अखिल भारतीय भारतीय कांग्रेस अधिवेशन जबलपुर में आप शीर्षस्थ नेताओं के संपर्क में रहे। रायपुर में आयोजित भूदान सर्वोदय सम्मेलन में संत विनोबा भावे से आशीर्वाद प्राप्त कर सहकारिता के क्षेत्र से जुड़े। आप बिलासपुर संभाग पुरातत्व परामर्शदात्री समिति के सदस्य भी रहे। आपने जन जागरण के माध्यम से शिक्षा और समाज को जीवन भर जोड़ने में अपनी महती भूमिका निभाई।

## जैकेट के शेष

### 22 वर्ष पश्चात मकर ....

बढ़ गया है। इससे पहले यह संयोग वर्ष 2003 में बना था। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग भी बन रहे हैं, जिससे दान-पुण्य, स्नान और पूजा का महत्व अक्षय फल देने वाला माना गया है। सूर्यदेव 14 जनवरी को दोपहर 3:07 बजे धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने को ही मकर संक्रांति कहा जाता है। हालांकि संक्रांति से छह घंटे पहले यानी सुबह 8:45 बजे से पुण्यकाल प्रारंभ हो जाएगा, इसी समय से स्नान-दान व खिचड़ी का वितरण किया जा सकता है।

### दोपहर 3.07 पर ....

शुरू होंगे। धार्मिक मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम प्रयागराज में देवी-देवता स्वरूप बदलकर स्नान करने आते हैं। इसी दिन से एक माह चलने वाला माघ मेला प्रारंभ होता है, जिसका पहला और सबसे बड़ा स्नान मकर संक्रांति पर होता है।

### 'आम' के दो हजार पर ....

परेशानी में है। ऐसे में अब पॉवर कंपनी ने अपना पॉवर दिखाते हुए उपभोक्ताओं की बिजली कट करने का अभियान चलाया है। इस अभियान का दायरा छोटे उपभोक्ताओं तक ही सीमित दिख रहा है। छोटे बकाएदारों पर लगातार एक्शन लिया जा रहा है, लेकिन बड़े बकाएदारों को छूने से पॉवर कंपनी कांप रही है।

### कुत्ते ने काटा तो ....

कार्यान्वयन के संबंध में कुछ नहीं किया है। साथ ही, इन आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वालों की भी जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की जाएगी। अगर आपको इन जानवरों से इतना प्यार है तो आप उन्हें अपने घर क्यों नहीं ले जाते? ये कुत्ते इधर-उधर क्यों घूमते हैं, लोगों को काटते हैं और डराते हैं? न्यायमूर्ति मेहता ने न्यायमूर्ति नाथ के विचारों से सहमति जताते हुए कहा, जब कुत्ते नौ साल के बच्चे पर हमला करते हैं तो किसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए? वह संगठन जो उन्हें खाना खिला रहा है, उसे? आप चाहते हैं कि हम इस समस्या से आंखें मूंद लें। सुप्रीम कोर्ट सात नवंबर, 2025 के अपने उस आदेश में संशोधन के अनुरोध वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें अधिकारियों को सार्वजनिक स्थानों और सड़कों से इन आवारा जानवरों को हटाने का निर्देश दिया गया था। न्यायालय ने कहा कि सबसे अजीब बात यह है कि गुजरात के एक वकील को एक पार्क में कुत्ते ने काट लिया और जब नगर निगम के अधिकारी उस जानवर को पकड़ने गए, तो खुद को कुत्ता प्रेमी बताने वाले वकीलों ने नगर निगम के अधिकारियों पर हमला कर दिया। शीर्ष अदालत ने यह भी खेद जताया कि पिछले चार दिनों से वह इस मुद्दे पर दलीलें सुन रही है, लेकिन कार्यकर्ताओं और गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के हस्तक्षेप के कारण वह मामलों में आगे नहीं बढ़ पाई और केंद्र तथा राज्य सरकारों के पक्ष को भी नहीं सुन सकी।

**कोर्ट तय करेगी जवाबदेही :** सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा, हम सभी वकीलों से अनुरोध करते हैं कि वे हमें केंद्र, राज्य सरकारों और अन्य संबंधित निकायों की जवाबदेही तय करने दें। हमें आदेश पारित करने दें। हमें राज्यों और केंद्र के साथ आधा दिन बिताने की जरूरत है, ताकि यह देखा जा सके कि उनके पास कोई कार्ययोजना है या नहीं। समस्या हजार गुना बढ़ चुकी है। हम सिर्फ वैधानिक प्रावधानों के क्रियान्वयन की मांग कर रहे हैं। हमें यह करने दें। हमें काम करने दें। हमें आगे बढ़ने दें।

**डॉग लवर पर कही यह बात :** शीर्ष अदालत ने नौ जनवरी को कहा था कि वह कथित तौर पर कुत्तों को खाना खिलाने वाली महिलाओं और उनकी देखभाल करने वाली महिलाओं के उत्पीड़न के आरोपों पर विचार नहीं करेगी, क्योंकि यह कानून और व्यवस्था का मुद्दा है। पीड़ित व्यक्ति इसके बारे में प्राथमिकी दर्ज करा सकते हैं। शीर्ष अदालत ने इस मुद्दे पर महिलाओं के बारे में की गई कुछ अपमानजनक टिप्पणियों से संबंधित दावों पर भी विचार करने से इनकार कर दिया।

**पीड़ित महिला ने सुनाई दास्तां :** सुप्रीम कोर्ट में कुत्ते के हमले की शिकार एक महिला ने बताया कि एक कम्युनिटी डॉग ने बिना उकसावे के उसे काट लिया था, क्योंकि उस कुत्ते के साथ लंबे समय तक क्रूरता की गई थी। डर के कारण उसमें बचाव वाली आक्रामकता पैदा हो गई थी। अदालत ने इस बात पर भी जोर दिया कि अगर नियमों को समय रहते ठीक से लागू किया गया होता, तो हालात इतने गंभीर नहीं होते। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि यह मामला केवल कुत्तों बनाम इंसानों का नहीं, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा और जिम्मेदारी का है। मामले की अगली सुनवाई 20 जनवरी को होगी।

### रायपुर-नवा रायपुर के ....

जमीनें लेकर उसका विकास किया जाएगा और भूमि स्वामियों को 42 प्रतिशत जमीन दी जाएगी।

### जमीन का अधिग्रहण ....

और उसके बाद अंतिम भूखण्डों पर कब्जा, भू-स्वामी के अद्यतन और प्रमाणित भू-स्वामित्व अभिलेखों के उचित सत्यापन के बाद किया जाएगा।

## वित्तीय सेवा कंपनी के कर्मी से 30,000 कनाडाई डॉलर लूटे

**लुधियाना।** वित्तीय सेवा कंपनी के एक कर्मचारी से 30,000 कनाडाई डॉलर (लगभग 20 लाख रुपये) लूटने के आरोप में मंगलवार को चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपियों से लूटी गई राशि भी बरामद कर ली गई है। लुधियाना पुलिस के अनुसार, लूट की यह वारदात पांच जनवरी को वेरका दूध संयंत्र के पास हुई थी। लुधियाना के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त रूपिंदर सिंह ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने एक गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है जबकि एक आरोपी अभी फरार है।


### आम सूचना

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विक्रांत महेन्द्र कुमार जैन आ. स्व. महेन्द्र कुमार जैन निवासी 501, आशीष टावर, सी.ए. रोड, महात्मा फुले बाजार नागपुर महाराष्ट्र के द्वारा ग्राम बम्हनीचारभाठा प.ह.नं. 00009, तहसील छुरिया, जिला राजनांदगाव, (छ. ग.) में स्थित खसरा नं. 355/1. 355/6, एवं 363/11 रकबा कमशः 2.976 हे., 2.567 हे. एवं 0.1090 हे. कुल खसरा 3 कुल रकबा 5.652 हेक्टेयर / 13.97 एकड़ को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर विक्रय अनुबंध का निष्पादन अपने पक्ष में करा चुके है अब केवल सौदे की शेष राशि अदा कर विक्रय विलेख का पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः जिस किसी व्यक्ति संस्था, बैंक या निकाय आदि को उक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग के स्वत्व आधिपत्य या अंतरण के संबंध में कोई आपत्ति या दावा हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के सात दिनों के अंदर सूर्या मॉल के भू गत तल स्थित कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर सुसंगत दस्तावेजों सहित लिखित में प्रस्तुत करे एवं मोबाइल नंबर 9752626139 में संपर्क कर सकते हैं। समयावधि के उपरांत उक्त भूमि का पंजीयन करवा लिया जावेगा तदोपरांत की गई कोई भी दावा आपत्ति को अवैध व शून्य माना जावेगा ।

सुधा खण्डेलवाल
अधिवक्ता
मो. नं.- 7828810101



कार्यालय राजस्व निरीक्षक,रायपुर-01
तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

### सूचना

दिनांक 08/01/2026

प्रति,
01. श्री राजा बजाज (8963907197)
02. श्री प्रदीप सिंह ठाकुर (9827954622)
03. श्रीमती कुंती देवी 04. शकीला खान

**विषयः-**आवेदक रायपुर विकास प्राधिकरण पिता/पति........द्वारा धारित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 94/2 रकबा .......... ग्राम रायपुरा के सीमांकन के संबंध में ।

आपको इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा उक्त विषयांकित भूमि के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार के न्यायालय में आवेदन दिया गया है, अतः श्रीमान तहसीलदार के आदेश के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 15/01/2026 को 01:00 बजे नियत किया गया है, चूंकि आप उक्त खसरा नंबर के बटांकनधारी हो एवं आपकी भूमि आवेदक की भूमि से लगी हुई है, इसलिए आपको सीमांकन स्थल पर उपर उल्लेखित दिनांक में समय पर अपना दस्तावेज लेकर उपस्थित होवें और दस्तावेज के अनुरूप उजर दावा या आपत्ति हमारे समक्ष प्रस्तुत करें।

आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है, सीमांकन उपरांत किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-01



## छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल
पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

**// सर्व संबंधित को सूचना //**

भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 14/09/2006 (यथा संशोधित) के तहत् सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि ग्राम-सरमा एवं तनेरा, तहसील-पसान, जिला- कोरबा (छ.ग.) में स्थित कुल - 02 कलस्टर ऑर्डिनरी स्टोन माईन (गौण खनिज) (1) मेसर्स सरस्वती माईनिंग एवं क्रसिंग (प्रो. - श्री जयप्रकाश शिवदासनी), ग्राम - सरमा, तहसील - पसान, जिला - कोरबा (छ.ग.) स्थित खसरा क्रमांक 338/2, 341, 342/2, 343, 344/1, 344/2 एवं 344/3, कुल एरिया - 3.016 हेक्टेयर, उत्खनन क्षमता - 100,420 टन / वर्ष (2) मेसर्स नारायणी उद्योग एण्ड कन्स्ट्रक्शन (प्रो:- श्री जयप्रकाश अग्रवाल), ग्राम-तनेरा, तहसील-पसान, जिला - कोरबा (छ.ग.) क्षेत्र में स्थित खसरा क्रमांक 79, 80/2, 80/3, 80/4 एवं 81, कुल एरिया - 2.101 हेक्टेयर, उत्खनन क्षमता - 50,048 टन / वर्ष की स्थापना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु संयुक्त लोक सुनवाई बाबत् छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में आवेदन किया गया है। उक्त परियोजना के संबंध में आपत्ति / सुझाव / विचार / टीका-टिप्पणी, इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अंदर क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, कोरबा के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रुप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है । इस परियोजना के लिए **लोक सुनवाई दिनांक 14/02/2026, दिन- शनिवार, समय प्रातः11:00 बजे, स्थानः- ग्राम पंचायत सरमा, तहसील - पसान, जिला - कोरबा (छ.ग.) के परिसर में नियत की गई है।**

ई.आई.ए. अधिसूचना दिनांक 14 सितंबर 2006 (यथा संशोधित) के अनुसार, संबंधित व्यक्तियों के अवलोकन / पठन हेतु ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट अंग्रेजी भाषा में एवं इसकी संक्षिप्त सार रिपोर्ट हिन्दी एवं अंग्रेजी तथा सी.डी. (सॉफ्ट कॉपी) कार्यालय कलेक्टर, कोरबा, कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोरबा, कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कोरबा, कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पोंड़ीउपरोड़ा, जिला - कोरबा, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, तहसील ऑफिस के पास रामपुर, कोरबा, सरपंच / सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत सरमा, तहसील - पसान, जिला - कोरबा (छत्तीसगढ़), सरपंच / सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत तनेरा, तहसील - पसान, जिला - कोरबा (छत्तीसगढ़), डायरेक्टर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, नई दिल्ली, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर - 19, नवा रायपुर एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, पर्यावास भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर (छ.ग.) में रखी हुई है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)


## पेज एक के शेष

### 10 साल बाद रायपुर में...

आएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को आधिकारिक रूप से इन मैचों की पुष्टि कर दी है। आरसीबी के सीईओ राजेश मेनन ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मैचों के आयोजन पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार से सुरक्षा, पुलिस बल और प्रशासनिक सहयोग की मांग की, जिस पर मुख्यमंत्री ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। बता दें कि हरिभूमि ने 11 जनवरी के अंक में ही छत्तीसगढ़ में आईपीएल मैचों की संभावना की जानकारी दे दी थी। आईपीएल मैच होने से छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ व बीसीसीआई को सीधा लाभ होगा। जल्द जारी होगा मैच शेड्यूल इसके के बाद ही खुलेगा सस्पेंस कि रायपुर में आरसीबी से कौन भिड़ेगा?

### बेंगलुरु की जगह रायपुर ...

में जबरदस्त उत्साह है, खासकर विराट कोहली को लाइव बैटिंग करते देखना छत्तीसगढ़ के फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं होगा। आगामी सीजन के लिए रायपुर आरसीबी दूसरा होम ग्राउंड बन सकता है।

### ईरान के साथ व्यापार ...

ईरान को भारत के प्रमुख निर्यातों में चावल, चाय, चीनी, दवाइयां, कृत्रिम फाइबर, विद्युत मशीनरी और कृत्रिम आभूषण शामिल हैं जबकि ईरान से भारत के प्रमुख आयातों में सूखे मेवे, अकार्बनिक/कार्बनिक रसायन और कांच के बर्तन शामिल हैं। ऑनलाइन डेटा विजुअलाइजेशन और वितरण मंच 'ऑब्जर्वेटरी ऑफ इकोनॉमिक कॉम्प्लेक्सिटी' (ओईसी) के अनुसार, 2023 में भारत से ईरान को निर्यात कुल 1.19 अरब डॉलर था जबकि भारत में आयात कुल 1.02 अरब डॉलर का हुआ था।

### 19 को होगा भाजपा के...

नामांकन भरे जाने की संभावना है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने बीते साल के अंतिम माह में अचानक बिहार के मंत्री और छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी नितन नवीन को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया। अब नए साल में पूर्णकालिक अध्यक्ष का चुनाव 19 जनवरी को कराने का फैसला किया गया है। इसके पहले 2020 में 20 जनवरी को जेपी नड्डा पूर्णकालिक अध्यक्ष बने थे। उनको भी पहले कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था। अब ठीक पांच साल पहले जैसे ही पूर्णकालिक अध्यक्ष का चुनाव कराया जा रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले देश भर के राज्यों में भाजपा संगठन के चुनाव कराए गए। छत्तीसगढ़ में ही सबसे पहले बीते साल 17 जनवरी को प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हुए, तब यहां पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष के साथ ही राष्ट्रीय परिषद के 17 सदस्यों का चुनाव कराया गया। पूरे देश में छत्तीसगढ़ संगठन चुनाव पूरा कराने वाला पहला राज्य बना। इसके बाद दूसरे राज्यों के चुनाव पूरे हुए। देश के ज्यादातर राज्यों में संगठन के चुनाव हो चुके हैं। अब राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होना है।

### बस्तर अंचल से सतत...

हो रही है। यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है कि नक्सलवाद की हिंसक विचारधारा फिर कभी सिर न उठा सके और इसके लिए बस्तर अंचल से सतत संवाद, विकास कार्यों और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के माध्यम से लोगों का विश्वास और अधिक मजबूत किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में बस्तर अंचल के समग्र विकास पर केंद्रित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि डबल इंजन की सरकार का स्पष्ट लक्ष्य बस्तर का सर्वांगीण और संतुलित विकास सुनिश्चित करना है। राज्य और केंद्र सरकार मिलकर सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ बस्तर को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि आगामी तीन वर्षों के लिए बस्तर के विकास का एक व्यापक एक्शन प्लान तैयार कर मिशन मोड में उसका क्रियान्वयन किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने तथा सचिवों को बस्तर क्षेत्र का दौरा कर योजनाओं की जमीनी प्रगति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव विकास शील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, अपर मुख्य सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव मुकेश बंसल, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसवराजु एस., समस्त विभागीय सचिव तथा वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

### सुविधाओं पर विस्तार...

रोशनी पहुंचे और शासन-प्रशासन पर लोगों का भरोसा सुदृढ़ हो। बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे आयोजनों में स्वस्फूर्त जनभागीदारी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि बस्तर के लोग शांति और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### इन पर भी गहन..

में मोबाइल टावरों की स्थापना में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आधार कार्ड निर्माण, बच्चों के लिए विशेष अभियान चलाकर शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। पर्यटन विकास पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने होम-स्टे को प्रोत्साहन देने, स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत चिन्हित स्थलों के विकास, बस्तर टूरिज्म कॉरिडोर के निर्माण तथा युवाओं को पर्यटन आधारित आजीविका से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

### टुटेजा, ढेबर सहित ...

और टूटेजा को आज बेल मिल गई है। वहीं शराब घोटाला मामले में मुकेश और अतुल को राहत मिली है। बता दें कि छत्तीसगढ़ में कस्टम मिलिंग घोटाला 140 करोड़ रुपए से अधिक का है। आरोप है कि 140 करोड़ रुपए से ज्यादा की अवैध वसूली की गई है, इसमें अफसर से लेकर मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी तक शामिल हैं। अलग-अलग राइस मिलर्स के द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम और एफसीआई में कस्टम मिलिंग का चावल जमा किया जाता रहा। इस घोटाले में अनवर ढेबर और अनिल टुटेजा को अरोपी बनाए गए हैं और दोनों के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने मामला दर्ज कर कोर्ट में चालान पेश किया था। इसके बाद दोनों को जेल दाखिल किया गया था। अब हाईकोर्ट से दोनों को जमानत मिल गई है।

### सौम्या की अग्रिम ...

बेंच ने सुनवाई के दौरान साफ किया कि प्रथम दृष्टया मामला गंभीर प्रकृति का है। कोर्ट ने माना कि जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और आरोपी को अग्रिम जमानत देने से जांच प्रभावित हो सकती है। इसी आधार पर कोर्ट ने राहत देने से इनकार कर दिया। ज्ञात हो कि इसके साथ ही ईओडब्ल्यू ने उन्हें प्रोडक्शन वारंट पर लेने के लिए ईडी की स्पेशल बेंच में आवेदन पेश किया है। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की डिप्टी सेक्रेटरी रही सौम्या चौरसिया की अग्रिम जमानत अर्जी को हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। ज्ञात हो कि ईडी के बाद ईओडब्ल्यू की गिरफ्तारी के डर से सौम्या ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट में बीते गुरुवार को सुनवाई पूरी हो गई थी और आर्डर रिजर्व रख लिया गया था। सौम्या के वकील ने हर्षवर्धन परगनिहा ने कहा कि, ईडी की टीम ने राजनीतिक षडयंत्र के तहत इस केस की जांच की है। सुनियोजित साजिश के तहत फंसाने के लिए मामले को ईओडब्ल्यू को सौंपा है। ढाई साल पुराने इस केस में सौम्या चौरसिया का कोई लेना-देना नहीं है।


## कार्यालय नगर पंचायत लवन, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
cmolawan@gmail.com

क्रमांक / 219/ लोनिवि / नं.प. / 2025-26 — लवन, दिनांक 12/01/2026

**संशोधित ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना (चतुर्थ निविदा)**

नगर पंचायत लवन द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम क्षेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से पंजीकृत एजेंसी / फर्म से ई-प्रोक्योरमेंट टेंडर सिस्टम के माध्यम से आमंत्रित की गई हैं, जिसमें निविदा की अंतिम तिथियों में निम्नानसार संशोधन किया जाता हैं :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | आनलाईन निविदा की अंतिम तिथि | फिजिकल दस्तावेज प्राप्त होने की अंतिम तिथि | निविदा खोले जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 182017 | Desing, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewge Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of the Entire System in Nagar Panchayat Lawan under SBM 2.0 | 245.74 लाख | दिनांक 23.01.2026 समय- शाम 5.00 बजे तक | दिनांक 29.01.2026 समय- शाम 4.00 बजे तक | दिनांक 29.01.2026 समय- शाम 5.00 बजे से |

नोटः- 1. निविदा संबंधी समस्त दस्तावेज, अमानत राशि व टेंडर प्रोसेसिंग फीस ऑन लाईन अपलोड करना अनिवार्य है। 2. अन्य शर्ते व विस्तृत जानकारियां संबंधित शाखा या विभाग से ई-प्रोक्योरमेंट वेब http://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत लवन
जि.बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

"नगर पंचायत के करों का भुगतान समय सीमा में अवश्य करें"



## ।। कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग।।

Email ID-durgmc2019@gmail.com — Phone: 0788-2322148

**-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

क्रमांक/42/जलगृह विभाग/2026 — दिनांक : 12/01/26

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत एवं अनुभवी ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | कार्य का नाम | लागत | निविदा जारी दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | PROVIDING AND FIXING VERTICAL TURBINE PUMP (I/c Designing) at 24 MLD FILTER PLANT& trial run for 2 Months, including replacement Guarantee/Warranty 18 Month of all components of 1 nos Vertical Turbine Pump, with motor of Discharge Capacity 1890 LPM & 95M differential head each with all allied components complete on TURN KEY JOB basis." System No. 183674, Dated-12.01.2026 | रु. 97.33 लाख | 12.01.2026 से 02.02.2026 खोलने की तिथि 04.02.2026 |
| 2. | PROVIDING AND FIXING VERTICAL TURBINE PUMP (I/c Designaing) at 24 MLD INTAKEWELL & trial run for 2 Months, Including replacement Guarantee/warranty 18 Month of all components of 2Nos Vertical Turbine Pump with motor of Discharge Capacity 1890 LPM & 95M differencial head each with all allied components complete on TURN KEY JOB basis. System No. 183678, Dated-12.01.2026 | रु. 194.65 लाख | |

निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाइट www.municipalcorporationdurg.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता



## स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड
भिलाई इस्पात संयंत्र
भिलाई, जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़, भारत-490001

**भिलाई इस्पात संयंत्र के चिकित्सा विभाग में रेसीडेंट हाउस ऑफिसर / रजिस्ट्रार / सीनियर रजिस्ट्रार पदों हेतु ' वाक - इन इन्टरव्यूह '**

भिलाई इस्पात संयंत्र को अपने अत्याधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त 860 बिस्तरों वाले चिकित्सालय के लिए निम्नलिखित शर्तों पर स्टाइपेंड / वृत्तिकाग्राही रेसीडेंट हाउस ऑफिसर एवं रजिस्ट्रार चाहिए ।

विभाग
जनरल मेडिसिन, चेस्ट एवं टी.बी, अर्थोपीडिक्स, पैथालॉजी, ई.एन.टी., जनरल सर्जरी, सॉयकायट्री, रेडियो डायग्नोसिस, डरमेटोलॉजी, ओपथल्मॉलजी एवं आब्सटेटिक्स एवं गायनेकोलॉजी ।

| श्रेणी | योग्यता (मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा मान्य) | स्टाइपेंड / वृत्तिका(रू. प्रतिमाह) |
|---|---|---|
| रेसीडेंट हाउस ऑफिसर | एम.बी.बी.एस / बी.डी.एस | 50000/- |
| रजिस्ट्रार | एम.बी.बी.एस एवं डिप्लोमा | 60000/- |
| सीनियर रजिस्ट्रार | एम.बी.बी.एस, एम.एस., एम.डी. अथवा डी.एन.बी | 70000/- |

शर्ते:-
31.01.2026 को आयु : एम.बी.बी.एस : 30 वर्ष; एम.बी.बी.एस एवं डिप्लोमा : 35 वर्ष; एम.बी.बी.एस / एम.एस. / एमडी . एवं डी.एन.बी.
आयु में छूट : अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को 5 वर्ष एवं अन्य पिछडा वर्ग उम्मीदवारों को 3 वर्ष ।
कार्य-अवधि : प्रारंभ मे यह 1 साल के लिए होगी जो कि अतिरिक्त 1 साल के लिए बढ़ाया जा सकता है ।

इच्छुक पात्र अभ्यर्थी ''वाक इन इंटरव्यू'' (walk-in-interview) के लिए उपरोक्त तिथि एवं समय पर समस्त कागजात (मूल प्रति एवं एक सेट फोटो कॉपी) उम्र प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए), मेडिकल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, दो पासपोर्ट साइज़ फोटोग्राफ और ''स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड, भिलाई स्टील प्लांट'' के नाम 250रु. का डिमांड ड्राफ्ट (वापसी योग्य नहीं) के साथ उपस्थित उपस्थित हों । अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को उपरोक्त शुल्क नहीं देना होगा । साक्षात्कार के लिए कोई यात्रा भत्ता / दैनिक भत्ता देय नहीं होगा ।

पंजीकरण का समय : प्रातः 9.30 AM - 11.30 AM बजे
साक्षात्कार तिथि : 31.01.2026
स्थान : कार्यालय प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र, भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई ।

विज्ञापन क्र.-बीएसपी-18 / 25-26 / दिनांक : 13 / 01 / 2026

पंजीकृत कार्यालय : इस्पात भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली, 110003
Corporate Identity Number : L27109DL1973GOI006454, Website: www.sail.co.in

हर किसी की ज़िन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## ईरान सरकार के बचे गिने-चुने दिन : जर्मन चांसलर मर्ज

**बेंगलुरु।** भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आए जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि उनका मानना है कि ईरान सरकार के दिन ''गिने-चुने'' रह गए हैं और उन्होंने ईरानी अधिकारियों से प्रदर्शनकारियों के खिलाफ तुरंत हिंसा रोकने की अपील दोहराई। मर्ज ने अपने बेंगलुरु दौरे पर कहा, ''यदि कोई शासन केवल बल का उपयोग कर सत्ता में बना रहता है, तो असल में उसका अंत करीब है।' उन्होंने कहा, ''मेरा मानना है कि हम अब इस शासन के गिने-चुने दिन देख रहे हैं। किसी भी सूरत में, चुनावों के माध्यम से इसे जनता में कोई वैधता प्राप्त नहीं है। जनता अब इस शासन के खिलाफ उठ खड़ी हुई है।'' मर्ज ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि संघर्ष के शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त होने की संभावना है। अमेरिका और यूरोपीय देशों की सरकारों के साथ उनका देश करीबी संपर्क में है।


कार्यालय राजस्व निरीक्षक,रायपुर-01
तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

### सूचना

दिनांक 08/01/2026

प्रति,
01. रायपुर विकास प्राधिकरण 02. श्रीमती सविता अग्रवाल 03. संतोष अग्रवाल

**विषयः-**आवेदक रायपुर विकास प्राधिकरण पिता/पति........द्वारा धारित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 78/5 रकबा 0.0930 हे. ग्राम रायपुरा के सीमांकन के संबंध में ।

आपको इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा उक्त विषयांकित भूमि के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार के न्यायालय में आवेदन दिया गया है, अतः श्रीमान तहसीलदार के आदेश के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 15/01/2026 को 01:00 बजे नियत किया गया है, चूंकि आप उक्त खसरा नंबर के बटांकनधारी हो एवं आपकी भूमि आवेदक की भूमि से लगी हुई है, इसलिए आपको सीमांकन स्थल पर उपर उल्लेखित दिनांक में समय पर अपना दस्तावेज लेकर उपस्थित होवें और दस्तावेज के अनुरूप उजर दावा या आपत्ति हमारे समक्ष प्रस्तुत करें।

आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है, सीमांकन उपरांत किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-01



## Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

### कब्जा सूचना

**संदर्भः सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के उप-नियम (1) के अंतर्गत कब्जा सूचना**

चूंकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम संख्या 54, 2002) के अंतर्गत तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे दिए गए संबंधित तिथियों पर जारी किए गए मांग नोटिस के अनुसरण में, आप से/ऋणधारकों से, नीचे नामित, संबंधित नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने का आह्वान करते हैं। तथापि, आप/उधारकर्ता सभी निर्धारित समय के भीतर उक्त बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड ने सरफेसी एक्ट, 2002 की धारा 13 की उपधारा (4) के प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, इसके तहत नियमों को पढ़ते हुए, नीचे उल्लिखित सुरक्षित परिसंपत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया है:

| क्र. सं. | ऋणधारक (ओं)/ सह ऋणधारक (ओं)/ जमानतदारों के नाम | बंधक रखी गयी संपत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की तिथि को कुल बकाया राशि (रू. में) | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जितेंद्र सोनी, नोविता सोनी | ख.नं.-1548/79, प.ह.नं.-50; ग्राम कैलाश नगर, प्लॉट नंबर- 53 का भाग, एकता चौक से लोहिया रोड, कुरूद वार्ड, वार्ड नंबर- 16, भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग, दुर्ग, छत्तीसगढ़, 490023 चौहद्दीः उत्तर-सड़क, दक्षिण-निशा शुक्ला का घर, पूर्व-हनुमंतु रावी का घर, पश्चिम-बिहारी लाल का मकान। | 03-08-2025 | 16,48,563 | 08-01-2026 |

ऋणधारक द्वारा राशि वापस करने में असफल रहने के कारण, ऋणधारक/जमानतदार और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ उक्त नियम के नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऊपर उल्लिखित तिथि को नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा ले लिया है।


**ऋणधारकों/जमानतदारों और आम जनता को एतद्द्वारा आगाह किया जाता है कि वे ऊपर उल्लिखित संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों या उसके किसी भाग के साथ लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों के साथ कोई भी लेन-देन होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जो संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों के विरुद्ध ऊपर उल्लिखित राशि के लिए है, जो पूर्ण भुगतान होने तक उस पर अतिरिक्त ब्याज के साथ देय है।**

ऋणधारक का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

स्थानः भिलाई
दिनांकः 14-01-2026

प्राधिकृत अधिकारी,
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड


## शब्द पहेली - 6108



**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

### शब्द पहेली-6107 का हल



## सूडोकु नवताल- 6118

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6117 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## खबर संक्षेप



### सरकार ने शोल्डर वायर पर गुणवत्ता नियंत्रण हटाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स और वाहन समेत कई उद्योगों में इस्तेमाल किए जाने वाले 'फ्लक्स कोर्ड शोल्डर वायर' पर गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) को वापस ले लिया है। इस उत्पाद के लिए यह आदेश सितंबर, 2023 में जारी किया गया था। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने एक अधिसूचना में कहा, 'भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 की धारा 16 की शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए केंद्र सरकार का यह मत है कि जनहित में ऐसा करना आवश्यक है।

### एआई लंबी दूरी के लिए ड्रीमलाइनर करेगी तैनात



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया फरवरी से लंबी दूरी की अंतरराष्ट्रीय सेवाओं के लिए अपना नया बोइंग 787-9 विमान तैनात करेगी। एयर इंडिया के निजीकरण के बाद विमान बेड़े में शामिल होने वाला पहला ड्रीमलाइनर है। एयर इंडिया ने सात जनवरी को अमेरिका के सिएटल में बोइंग की एवरेट फैक्ट्री में पहले 'लाइन फिट ड्रीमलाइनर'' का टाइटल हस्तांतरण पूरा किया और एयरक्राफ्ट 11 जनवरी को दिल्ली में उतरा। आम तौर पर, लाइन फिट का मतलब होता है एक खास एयरलाइन के लिए खास तौर पर बनाया गया एयरक्राफ्ट।

# ईरान में अशांति से भारतीय बासमती चावल के निर्यात पर असर पड़ा : उद्योग संगठन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ईरान में जारी नागरिक अशांति का असर भारत के बासमती चावल के निर्यात पर पड़ना शुरू हो गया है जिससे घरेलू कीमतों में भारी गिरावट आई है। निर्यातकों को भुगतान में देरी और बढ़ती अनिश्चितताएं इसकी मुख्य वजह है। उद्योग संगठन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन (आईआरईएफ) ने निर्यातकों से ईरानी अनुबंधों पर जोखिमों का पुनर्मूल्यांकन करने और भुगतान के सुरक्षित तरीके अपनाने का आग्रह किया। साथ ही ईरानी बाजार के लिए जरूरत से ज्यादा भंडार रखकर जोखिम नहीं लेने को कहा है।



### घरेलू मंडियों पर पड़ रहा असर

व्यापारिक आंकड़ों के अनुसार, भारत ने वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल-नवंबर के दौरान ईरान को 468.10 अमेरिकी डॉलर का बासमती चावल निर्यात किया जिसकी कुल मात्रा 5.99 लाख टन थी। ईरान भारत का सबसे बड़ा बासमती चावल निर्यातक है लेकिन मौजूदा अस्थिरता के कारण चालू वित्त वर्ष में ऑर्डर प्रवाह, भुगतान चक्र और निर्यात पर दबाव बढ़ रहा है। इसका असर अब घरेलू मंडियों में साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। इसके बावजूद, अमेरिका को भारतीय चावल का निर्यात स्थिर बना हुआ है। भारत ने अप्रैल-नवंबर 2025-26 के दौरान अमेरिका को 2,40,518 टन बासमती और गैर-बासमती चावल का निर्यात किया जबकि समूचे वित्त वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा 2,35,554 टन था। भारतीय चावल के लिए अमेरिका विश्व स्तर पर 10वां सबसे बड़ा बाजार है और बासमती चावल के लिए चौथा सबसे बड़ा बाजार है।

### प्रमुख किस्मों की कीमतों में भारी गिरावट

पिछले एक सप्ताह में ही बासमती की प्रमुख किस्मों की कीमतों में भारी गिरावट आई है जो खरीदारों की झिझक, अनुबंधों में देरी और निर्यातकों के बीच बढ़े हुए जोखिम के प्रति आशंका को दर्शाती है। बासमती चावल की किस्म 1121 की घरेलू कीमत पिछले सप्ताह के 85 रुपये प्रति किलोग्राम से घटकर 80 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। वहीं 1509 और 1718 किस्म की कीमत 70 रुपये प्रति किलोग्राम से घटकर 65 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है।

## भारत-जर्मनी के बीच डाक सेवाओं के लिए समझौता

**नई दिल्ली।** भारत और जर्मनी ने सीमा पार ई-कॉमर्स और समयबद्ध अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति पर विशेष ध्यान देते हुए डाक, एक्सप्रेस और लॉजिस्टिक सेवाओं में सहयोग बढ़ाने के लिए एक द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि इस सहयोग से निर्यात की मात्रा बढ़ने, सेवा की गुणवत्ता में सुधार होने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच बढ़ाकर भारत के लॉजिस्टिक परिवेश को मजबूत करने में मदद मिलेगी। इससे वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारतीय व्यवसायों की भागीदारी भी बढ़ेगी।


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण मण्डल, रायगढ़ (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

दिनांक 09.01.2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा 'डी' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 25.01.2026 तक है।

| क्र. | एन.आई.टी. क्र. / निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 01. | NIT No. 20 Tender No. 183601 | उपसंभाग क्र. 01 बिलासपुर के अंतर्गत स्थित पुल / पुलियों के विशेष मरम्मत कार्य । (तृतीय आमंत्रण) | रू. 49.93 लाख |
| 02. | NIT No. 21 Tender No. 183606 | उपसंभाग कोरबा के अंतर्गत स्थित पुल / पुलियों के विशेष मरम्मत कार्य। (चतुर्थ आमंत्रण) | रू. 49.36 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है । (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टांप पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टांप पर एनेक्जर - 3 का शपथ पत्र, बिड केपेशिटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एन.आई.टी. के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल नं. एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि. सेतु मण्डल, रायगढ़

G-252605978/3


### डुकाटी की इस साल 10 नए मॉडल पेश करने की योजना



एजेंसी ▶▶| मुंबई

इटली की लक्जरी मोटरसाइकिल विनिर्माता डुकाटी ने मंगलवार को कहा कि उसकी इस साल भारतीय बाजार में 10 नए एवं उन्नत मॉडल पेश करने की योजना है। कंपनी ने कहा कि नए मोटरसाइकिल मॉडल में डेस्मो450 एमएक्स, नई मल्टीस्ट्राडा वी4 रैली (2026 संस्करण), पैनिगाले वी4 लैम्बर्गिनी, नई मॉन्स्टर वी2 और नई हाइपरमोटार्ड वी2/वी2 एसपी शामिल होंगे। डुकाटी ने कहा कि इन 10 नए मॉडल में से पैनिगाले वी4आर मॉडल को दो जनवरी को पहले ही बाजार में उतारा जा चुका है। डुकाटी इंडिया के प्रबंध निदेशक बिपुल चंद्रा ने कहा, "वर्ष 2026 डुकाटी के लिए एक और अहम साल होने जा रहा है। नई पेशकश की श्रृंखला के साथ हम प्रीमियम मोटरसाइकिल खंड में नए मानक स्थापित करेंगे।" उन्होंने कहा कि भारतीय ग्राहकों को अत्याधुनिक और प्रदर्शन पर आधारित मोटरसाइकिल मुहैया कराने की कंपनी की प्रतिबद्धता पहले से कहीं अधिक मजबूत है।

# म्यूचुअल फंड में एसआईपी के जरिए 2025 में निवेश बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनुशासित और लंबी अवधि के संपत्ति सृजन को लेकर निवेशकों के बढ़ते रुझान के कारण व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के जरिये म्यूचुअल फंड निवेश 2025 में 3.34 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार इससे पहले एसआईपी से 2024 में 2.68 लाख करोड़ रुपये और 2023 में 1.84 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया था। आनंद राठी वेल्थ के संयुक्त सीईओ फिरोज अजीज ने कहा, ''आंकड़े बताते हैं कि निवेशकों ने लगातार बाजार की गिरावट का उपयोग अधिक निवेश करने के अवसर के रूप में किया है। वर्ष 2025 में 3.34 लाख करोड़ रुपये का कुल एसआईपी योगदान अल्पकालिक सट्टेबाजी के बजाय लंबी अवधि के इरादे और भरोसे को दर्शाता है।'' एसआईपी योगदान म्यूचुअल फंड प्रवाह की रीढ़ बना रहा। यह सितंबर, अक्टूबर और नवंबर में लगातार 29,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा और दिसंबर में 31,000 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि निवेशकों के बीच एसआईपी की लोकप्रियता बढ़ रही है, क्योंकि ये बाजार की अस्थिरता या समय की चिंता किए बिना अनुशासित तरीके से निवेश करने में मदद करते हैं।



**अस्थिरता के बावजूद एसआईपी बढ़ा :** आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी के प्रबंध निदेशक और सीईओ ए बालासुब्रमण्यम ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता और बाजार के उतार-चढ़ाव के बीच भी लगातार एसआईपी निवेश बढ़ती वित्तीय जागरूकता और अनुशासित निवेश को दर्शाता है।

## बिजनेस साइट

# एआई प्लस नोवावॉच ने स्मार्ट घड़ी श्रृंखला पेश की

*रायपुर। एआई+ ने आज नोवावॉच स्मार्टघड़ी श्रृंखला पेश की, जो सुरक्षा, रोजमर्रा के स्वास्थ्य और व्यक्तिगत स्टाइल के क्षेत्रों में ब्रांड के कनेक्टेड डिवाइस पोर्टफोलियो का विस्तार करती है। वर्ष 2026 की पहली तिमाही में लांच होने वाली नोवावॉच इस विश्वास पर आधारित है कि पहनने योग्य तकनीक में उपयोगिता के साथ-साथ आकर्षक और आधुनिक डिजाइन भी होना चाहिए। एआई+ नोवावॉच श्रृंखला में एक्टिव, वियरबड्स, बच्चों के लिए जियो-फेंसिंग घड़ी और उद्योग में पहली बार पेश की गई घूमने वाले कैमरे वाली एलटीई घड़ी शामिल हैं। हर मॉडल को अलग-अलग जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह पूरी श्रृंखला रोजमर्रा की हेल्थ ट्रैकिंग, परिवार की सुरक्षा और व्यक्तिगत स्टाइल को एक साथ जोड़ती है, ताकि हर उम्र के लोग इन्हें आसानी से अपने जीवन का हिस्सा बना सकें। एक्टिव उन उपयोगकर्ताओं के लिए बनाई गई है जो सरल डिज़ाइन में भरोसेमंद स्वास्थ्य निगरानी चाहते हैं। यह आवश्यक स्वास्थ्य मापदंडों पर ध्यान देती है और इसका डिज़ाइन ऐसा है जिसे पहले दिन से ही समझना और इस्तेमाल करना आसान है। इसका आकार और रूप भी उद्योग में एक नया अनुभव पेश करता है।*


HMS शिव साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
नकली माल से सावधान



## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, कुनकुरी (छ.ग.)

**:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(प्रथम आमंत्रण)**

निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक **30.01.2026, (17.30 बजे)** तक ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैः-

| सिस्टम निविदा क्र. / निविदा सूचना क्र./ दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| सि.नि.क्र. 183610, नि.सू.क्र. 04 / व.ले.लि. / 2025-26, दिनांक 09.01.2026 | लोवरडोड़की व्यपवर्तन योजना का नहर मरम्मत एवं लाईनिंग कार्य । | रू. 984.51 लाख |
| सि.नि.क्र. 183619, नि.सू.क्र. 05 / व.ले.लि. / 2025-26, दिनांक 09.01.2026 | जिला-जशपुर, विकासखण्ड-फरसाबहार के अंतर्गत प्रस्तावित पमशाला एनीकट योजना | रू. 2637.28 लाख |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर दिनांक **16.01.2026** समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोटः** 1. निविदा में भाग लेन हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

2.निविदा की अनुमानित लागत एस. ओ. आर. दिनांक 01.08.2010 (**संशोधित 22.08.2022** ) के अनुसार है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कुनकुरी (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार
जल संसाधन विभाग, अंबिकापुर (छ.ग.)

G-252605980/2



## छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग सामान्य वनमंडल महासमुन्द (छ.ग.)

**-: निविदा का संक्षिप्त विज्ञापन :-**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि सामान्य वनमंडल महासमुन्द अंतर्गत महासमुन्द, बागबाहरा, पिथौरा एवं सरायपाली परिक्षेत्र के विभिन्न कम्पार्टमेंट में कैम्पा मद अंतर्गत क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु सिंचाई पाइपलाइन की आपूर्ति और बिछाने हेतु निम्नानुसार मुहर बंद निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| विवरण | निविदा खोलने की तारीख | निविदा स्वीकार करने का समय | निविदा खोलने का समय |
|---|---|---|---|
| प्रथम आमंत्रण | 05.02.2026 | 11 बजे | 12 बजे |
| द्वितीय आमंत्रण | 19.02.2026 | 11 बजे | 12 बजे |
| तृतीय आमंत्रण | 26.02.2026 | 11 बजे | 12 बजे |

**निविदा का विवरण**

| No. | Particular | Details | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of work | Providing and Laying of Irrigation Pipeline UPVC 6 kg/cm2 for irrigation purpose | | |
| 2 | Tender Estimated Cost | Particular | Length/Nos. | Amount |
| | | (A) In Ordinary Soil | 2047.50 | 437141.25 |
| | | (B) In Hard Soil | 1023.75 | 253582.88 |
| | | UPVC Pipes 50 mm +/- dia UPVC 6 kg/cm2 | 22750 | 1933750.00 |
| | | UPVC bends | 193 | 18528.00 |
| | | UPVC Tees | 257 | 14649.00 |
| | | UPVC flanged tail pieces | 193 | 11580.00 |
| | | UPVC end cap (plugs) | 193 | 7720.00 |
| | | UPVC coupler suitable for For 6, 8 and 10 kg/sq. cm. Pressure pipe | 966 | 58926.00 |
| | | valves including jointing & testing with cost of jointing material | 33 | 88440.00 |
| | | iron double flanged sluice valves | 65 | 182000.00 |
| | | Watering lead upto 50m and lift upto 1.5 in all kind of soils | 3031 | 187906.50 |
| | | GI union/Cl flange, GI reducers UPVC MTA FTA etc. | 33 | 33726.00 |
| | | Garden pipe 1" (bundle) | 132 | 158400.00 |
| | | TOTAL | | **3386349.63** |
| | | Add **18%** GST RATE | | **609542.93** |
| | | Installation Charges **10%** Of Material Cost | | **16584.60** |
| | | TOTAL | | **4012477.16** |
| | | Add **3%** contigencies | | **120374.31** |
| | | G TOTAL | | **4132851.47** |
| | | Say Rs. | | **41.33** |
| 3 | Time allowed for completion | One months | | |
| 4 | Base of estimation of cost | Pipe supply & setting up | Non SOR | |
| 5 | Document Fees | Rs. **1000** by DD in the name of VAN MANDALAADHIKARI SAMANYA VAN MANDAL MAHASAMUND | | |
| 6 | Earnest Money Deposit (EMD | Rs. **41,300/-** by DD in the name of VAN MANDALAADHIKARI SAMANYA VAN MANDAL MAHASAMUND (**1%** of Bid Value) | | |
| 7 | Performance Security/ Security Deposit (SD) | **3%** of the Bid Value | | |
| 8 | Bid Parameter | Lowest Financial Bid (L1) | | |

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वनमंडल कार्यालय महासमुन्द में कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है। सम्पर्क नबंर 70891-68981

वनमंडलाधिकारी
सामान्य वनमंडल, महासमुंद

G-252605986/2



हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal MD, DM (Cardiology) Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT
समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • कैमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धूम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

NMH निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
24/7 Emergency Services
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षो का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

# वनडे सीरीज पर कब्जे के लक्ष्य के साथ न्यूजीलैंड से भिड़ेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| राजकोट

विराट कोहली की शानदार फॉर्म ने भारत की कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों को लेकर बढ़ती चिंताओं को कुछ हद तक कम कर दिया है और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ 14 जनवरी को होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके तीन मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा।

भारत ने वडोदरा में खेले गए पहले मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया था। वाशिंगटन सुंदर उस मैच में चोटिल हो गए थे और वह वनडे श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। चयनकर्ताओं ने दिल्ली के आयुष बडोनी को टीम में शामिल किया है, लेकिन भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर की ऑलराउंडर को प्राथमिकता देने की रणनीति को देखते हुए नीतीश कुमार रेड्डी के रूप में एक और ऑलराउंडर को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है।

ऋषभ पंत पहले वनडे से पूर्व चोटिल होने के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए थे। चयनकर्ताओं ने उनकी जगह ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल करने का फैसला किया, जो टीम प्रबंधन के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में एक और विकल्प हो सकते हैं।



### कीवी टीम का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर

कीवी टीम का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत नहीं है और भारतीय बल्लेबाज इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। पहले मैच में कप्तान शुभमन गिल ने सधी हुई अर्धशतकीय पारी खेली जबकि उप कप्तान श्रेयस अय्यर एक रन से अर्धशतक बनाने से चूक गए। रोहित शर्मा फिर से भारत को अच्छी शुरुआत दिलाने की कोशिश करेंगे।

### भारत के पास कई विकल्प

भारतीय टीम के पास कई विकल्प हैं लेकिन अगले महीने से शुरू होने वाले टीम टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए वह किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहेगी। टी20 टीम में वनडे टीम से बिल्कुल अलग बल्लेबाजी क्रम होगा। लेकिन कुछ नाम दोनों टीमों में समान हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण नाम ऑलराउंडर तिलक वर्मा का है, जो ग्रोइन की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ कम से कम पहले तीन टी20 मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

### निगाह कोहली-रोहित पर

भारतीय टीम की इन चिंताओं के बीच सभी की निगाह कोहली और रोहित शर्मा पर टिकी रहेगी जो अब अपने करियर के अंतिम पड़ाव में हैं। पहले मैच में कोहली वनडे में अपने 54वें शतक से चूक गए, लेकिन उनकी 91 गेंदों पर खेली गई 93 रन की पारी ने भारत की जीत की नींव रखी।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत** : शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, रोहित शर्मा, केएल राहुल (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जड़ेजा, नितीश कुमार रेड्डी, आयुष बडोनी, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंड** : माइकल ब्रैसवेल (कप्तान), डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), मिशेल हे (विकेटकीपर), निक केली, हेनरी निकोल्स, विल यंग, जोश क्लार्कसन, जैक फाउल्स, डैरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, आदित्य अशोक, क्रिस्टियन क्लार्क, काइल जैमीसन, जेडन लेनोक्स, माइकल रे।

**समय** : मैच दोपहर 1.30 बजे से

संन्यास की घोषणा

# एक युग का अंत, भारत सीरीज के बाद एलिसा छोड़ेंगीं बल्ला



एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटरों में से एक एलिसा हीली मार्च में भारत के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगी। यह 35 वर्षीय खिलाड़ी भारत के खिलाफ पर्थ में होने वाली तीन वनडे और एकमात्र महिला टेस्ट मैच की श्रृंखला में आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगी। हीली भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला में नहीं खेलेंगी क्योंकि वह इस साल ब्रिटेन में होने वाले टी20 विश्व कप में हिस्सा नहीं लेंगी।

### प्रतिस्पर्धात्मक भावना हुई कम

महिला क्रिकेट की सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक हीली ने बयान में कहा, 'भारत के खिलाफ आगामी श्रृंखला ऑस्ट्रेलिया के लिए मेरी आखिरी श्रृंखला होगी। ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने का मेरा जुनून अभी भी बरकरार है, लेकिन मेरे अंदर वह प्रतिस्पर्धात्मक भावना कुछ हद तक कम हो गई है, जिसने मुझे शुरुआत से ही प्रेरित किया है, इसलिए यह संन्यास लेने का सही समय लगता है।' उन्होंने कहा, 'यह जानते हुए कि मैं इस साल टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाऊंगी और टीम के पास तैयारी के लिए सीमित समय है, मैं भारत के खिलाफ टी20 मैचों का हिस्सा नहीं रहूंगी। लेकिन मुझे घरेलू मैदान पर अपना करियर समाप्त करने और भारत के खिलाफ वनडे और टेस्ट टीम की कप्तानी का अवसर मिलने से बहुत खुशी है।

### ऑस्ट्रेलिया के दबदबे में हीली की अहम भूमिका

पिछले एक दशक में ऑस्ट्रेलिया के दबदबे में हीली ने अहम भूमिका निभाई है। उनकी मौजूदगी में ऑस्ट्रेलिया ने आठ विश्व खिताब जीते हैं, जिनमें से छह टी20 प्रारुप में और दो एक दिवसीय क्रिकेट में हैं। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 10 टेस्ट, 123 वनडे और 162 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने अब तक 30.56 के औसत से 489 टेस्ट रन, 35.98 के औसत से 3563 वनडे रन (सात शतक सहित) और 25.45 के औसत से 3054 टी20 अंतरराष्ट्रीय रन (एक शतक सहित) बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क से शादी करने वाली इस क्रिकेटर ने कहा, 'मुझे कुछ चोटों से भी जूझना पड़ा। मुझे कई बार डाइव लगानी पड़ी लेकिन अब मुझे लगता है कि हम मुश्किल होता जा रहा है।'

## खबर संक्षेप



### राओनिच ने छोड़ा कोर्ट टेनिस से लिया संन्यास

**ओटावा।** विंबलडन के पूर्व फाइनलिस्ट मिलोस राओनिच ने टेनिस से संन्यास ले लिया है। राओनिच 2016 में विंबलडन में ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले कनाडा के पहले पुरुष खिलाड़ी बने थे। उन्होंने सेमीफाइनल में रोजर फेडरर को 6-3, 6-7, 4-6, 7-5, 6-3 से हराया था लेकिन फाइनल में एंडी मरे से हार गए थे। उस वर्ष उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई थी। वह उस वर्ष अपनी करियर की सर्वोच्च रैंकिंग तीन पर भी पहुंचे थे। राओनिच ने एक्स पर लिखा, 'अपने सपनों को साकार करने और उन्हें पूरा करने का मौका पाकर मैं खुद को सबसे भाग्यशाली व्यक्ति मानता हूं। लेकिन अब अलविदा कहने का समय आ गया है। मैं टेनिस से संन्यास ले रहा हूं।' अपनी तीखी सर्विस के कारण 'मिसाइल' नाम पाने वाले राओनिच ने 2011 में पेशेवर बनने के बाद आठ एटीपी एकल खिताब जीते। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी के नाम पर तीन सेट के मैच में सबसे अधिक ऐस (47) लगाने का रिकॉर्ड है, जो उन्होंने 2024 में क्वींस क्लब टूर्नामेंट में बनाया था।

### नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता में खेलेंगे कार्लसन

**नई दिल्ली।** शतरंज के दिग्गज मैग्नस कार्लसन ने आगामी नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में अपनी भागीदारी को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा है कि वह इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जो इस बार स्टावेंजर की जगह ओस्लो में खेली जाएगी।



कार्लसन पिछले 13 वर्षों में अपनी घरेलू धरती पर होने वाले टूर्नामेंट में हमेशा खेलते रहे हैं लेकिन हाल में उन्होंने क्लासिकल शतरंज से दूरी बढ़ाने का फैसला किया था, जिससे उनका इस प्रतियोगिता में भाग लेने को लेकर संदेह पैदा हो गया था। नॉर्वे शतरंज क्लासिकल प्रारुप का टूर्नामेंट है और कार्लसन इसे सात बार जीत चुके हैं।

विजय हजारे ट्रॉफी : पंजाब के 4 बल्लेबाजों ने जड़े अर्धशतक, मध्यप्रदेश टीम 162 रन पर सिमटी

# पंजाब ने बनाया 345 का विशाल स्कोर, मप्र को 183 रन से हराया, सेमीफाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

अपने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर पंजाब ने मध्यप्रदेश को 183 रन से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर पंजाब ने कप्तान प्रभसिमरन सिंह के 86 गेंद में 88 रन, अनमोलप्रीत सिंह के 62 गेंद में 70, नेहाल वढेरा के 38 गेंद में 56 और हरनूर सिंह के 71 गेंद में 51 रन की मदद से छह विकेट पर 345 रन बनाए। रमनदीप सिंह ने 15 गेंद में 24 रन बनाए । मध्यप्रदेश के लिए त्रिपुरेश सिंह और कप्तान वेंकटेश अय्यर ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में मध्यप्रदेश की टीम 31.2 ओवर में 162 रन पर आउट हो गई।



### प्रभसिमरन और हरनूर ने जोड़े 166 रन

पहले गेंदबाजी का अय्यर का फैसला सफल नहीं रहा और पंजाब को शानदार शुरुआत देते हुए प्रभसिमरन और हरनूर ने पहले विकेट के लिए 21 ओवर में 166 रन जोड़े। आर्यन पांडे नू 22वें ओवर में हरनूर को आउट करके मध्यप्रदेश को पहली सफलता दिलाई। लेकिन इसके बाद अनमोलप्रीत ने आकर तेजी से रन बनाना जारी रखा। प्रभसिमरन हालांकि शतक से चूक गए और कुलदीप सेन की गेंद पर 30वें ओवर में सारांश जैन को कैच दे बैठे। नमन धीर भी 23 रन बनाकर आउट हो गए और एस समय पंजाब का स्कोर तीन विकेट पर 199 रन था। वढेरा ने चौथे विकेट के लिए अनमोलप्रीत के साथ 76 रन की ताबड़तोड़ साझेदारी की।

### मध्यप्रदेश की शुरुआत खराब

जवाब में मध्यप्रदेश की शुरुआत खराब रही और 17वें ओवर में उसके पांच विकेट 66 रन पर गिर गए थे । रजत पाटीदार 40 गेंद में 38 रन बनाकर आउट हुए तब स्कोर सात विकेट पर 132 रन था। पाटीदार के अलावा त्रिपुरेश सिंह ने 31 रन बनाए। पंजाब के लिए सनवीर सिंह ने छह ओवर में 31 रन देकर तीन विकेट लिए।

### क्वार्टर फाइनल में विदर्भ ने दिल्ली को 76 रन से हराया

पिछले सत्र के उपविजेता विदर्भ ने अनुशासित और ऑलराउंड खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली को 76 रन से हराकर विजय हजारे एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विदर्भ सेमीफाइनल में कर्नाटक का सामना करेगा। पिछले सत्र में इन दोनों टीमों के बीच फाइनल खेला गया था। सौराष्ट्र शुक्रवार को होने वाले एक अन्य सेमीफाइनल में पंजाब का सामना करेगा।

### विदर्भ ने बनाए 300/9 रन

विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 300 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर बनाया। उसकी तरफ से यश राठौड़ ने 86 और सलामी बल्लेबाज अथर्व तायडे ने 62 रन का योगदान दिया। इसके जवाब में दिल्ली की टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर आउट हो गई। विदर्भ की तरफ से तेज गेंदबाज नचिकेत भूटे ने 7.1 ओवर में 51 रन देकर चार विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर और कप्तान हर्ष दुबे ने भी नौ ओवरों में 36 रन देकर तीन विकेट लेकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जबकि नई गेंद के गेंदबाज प्रफुल हिंगे ने 54 रन देकर दो विकेट लेकर उपयोगी योगदान दिया।

### रावत ने दिल्ली के लिए किया संघर्ष

विकेटकीपर बल्लेबाज अनुज रावत ने दिल्ली के लिए अकेले संघर्ष करते हुए 98 गेंदों पर 66 रन बनाए, लेकिन यह टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए पर्याप्त नहीं था। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए रावत ने शीर्ष और मध्य क्रम के लड़खड़ाने के बाद पारी को संभालने की कोशिश की और मयंक गुसांई (18), हर्ष त्यागी (27) और ऋतिक शोकीन (21) के साथ उपयोगी रन जोड़े।

## मुंबई ने गुजरात को हराया, हरमनप्रीत ने खेली नाबाद पारी

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाबाद 71 रन की मदद से मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में गुजरात जाइंट्स को सात विकेट से हराया । यह गुजरात जाइंट्स की टूर्नामेंट में पहली हार थी । इससे पहले निचले क्रम पर भारती फुलमाली और जॉर्जिया वेयरहैम की आक्रामक पारियों के दम पर गुजरात जाइंट्स ने पांच विकेट पर 192 रन बनाए थे।



जीत के लिए कठिन लक्ष्य का पीछा करते हुए हरमनप्रीत ने 33 गेंद में अर्धशतक पूरा किया, जो टूर्नामेंट में उनका दसवां अर्धशतक था। इसके साथ ही उन्होंने डब्ल्यूपीएल में एक हजार रन भी पूरे कर लिए। वह 43 गेंद में सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 71 रन बनाकर नाबाद रही और मुंबई ने चार गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। मुंबई के दो विकेट पावरप्ले के भीतर ही 37 रन पर गिर गए थे। इसके बाद हरमनप्रीत ने अमनजोत कौर (26 गेंद में 40 रन) के साथ 44 गेंद में 72 रन की साझेदारी की। अमनजोत के आउट होने के बाद निकोला कैरी ने कप्तान का साथ निभाते हुए 22 गेंद में नाबाद 37 रन बनाए, जिसमें छह चौके शामिल थे। दोनों ने 43 गेंद में 84 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को जीत दिलाई।

### ऑकलैंड एटीपी टेनिस से बाहर हुए मोनफिल्स

**ऑकलैंड।** मौजूदा चैंपियन गेल मोनफिल्स अपनी पत्नी एलिना स्वितोलिना की तरह करिश्मा दिखाने में नाकाम रहे और ऑकलैंड एटीपी टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हार कर बाहर हो गए। मोनफिल्स की पत्नी स्वितोलिना ने तीन दिन पहले इसी कोर्ट पर अपना 19वां डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता था। फ्रांस का यह 39 वर्षीय खिलाड़ी एएसबी क्लासिक टूर्नामेंट में हंगरी के 26 वर्षीय खिलाड़ी फैबियन मारोज़सन से 5-7, 6-3, 6-4 से हार गया। मोनफिल्स ने 2025 में ऑकलैंड में खिताब जीता था। उन्होंने महिला एकल के फाइनल से पहले अपनी पत्नी एलिना से कहा था, 'अगर तुम इस साल नहीं जीत पाती हो तो मुझे नहीं पता कि मैं तुम्हें क्या कहूंगा।'

Ministry of Skill Development & Entrepreneurship
Government of India
Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

**भारत सरकार**
**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय**

राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी), नई दिल्ली, ( कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक असांविधिक विनियामक प्राधिकरण ) में कार्यकारी सदस्य के एक (01) पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

पात्रता मानदंड, निर्धारित प्रपत्र और अन्य आवश्यक जानकारी के साथ विस्तृत विज्ञापन इस मंत्रालय की वेबसाइट (http://www.msde.gov.in) पर उपलब्ध है। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में अपना सभी तरह से पूर्ण आवेदन संयुक्त निदेशक (ईएंडपी विंग) को ईमेल (ecopol- msde@gov.in) या डाक द्वारा 9 मार्च, 2026 को शाम 5:30 बजे तक या उससे पहले भेज सकते हैं।

**स्थान: नई दिल्ली**
**दिनांक: 12 जनवरी, 2026**

हस्ताक्षर/-
संयुक्त निदेशक,
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

CBC-63101/11/0013/2526

इंडिया ओपन : लक्ष्य अगले दौर में जापान के केंता निशिमोतो से भिड़ेंगे

# लक्ष्य ने आयुष को 36 मिनट में हराया, दूसरे दौर में एंट्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने हमवतन आयुष शेट्टी को सीधे गेम में हराकर योनेक्स सनराइज इंडिया ओपन 2026 सुपर 750 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। वर्ष 2022 के चैंपियन लक्ष्य ने आईजी स्टेडियम में खेले जा रहे इस 9,50,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट के पहले दौर में आयुष को सिर्फ 36 मिनट में 21-12, 21-15 से हराया। आयुष पहली बार इंडिया ओपन में खेल रहे थे। चौबीस साल के लक्ष्य अगले दौर में जापान के केंता निशिमोतो से भिड़ेंगे, जिन्होंने 21-6, 7-5 के स्कोर पर अपने सातवें वरीय हमवतन प्रतिद्वंद्वी कोडाई नारोका के मुकाबले से हटने पर दूसरे दौर में प्रवेश किया।



### लक्ष्य ने दिखाया बेहतर खेल

लक्ष्य ने बेहतर खेल दिखाया और परिस्थितियों से बेहतर ढंग से सामंजस्य बैठाने में सफल रहे। आयुष ने कुछ मौकों पर अच्छी टक्कर दी लेकिन लक्ष्य का बड़े मुकाबलों में खेलने का अनुभव उनके काम आया।

### दूसरे दौर में लेई - वरदानी

कनाडा के विक्टर लेई ने तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करते हुए योनेक्स सनराइज इंडिया ओपन 2026 सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि उनके हमवतन ब्रायन यांग ने उलटफेर करते हुए चौथे वरीय चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन को सीधे गेम में हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। महिला एकल में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वरदानी तथा थाईलैंड की अनुभवी सातवीं वरीय रतचानोक इंतानोन जीत दर्ज करने में सफल रहीं। इक्कीस साल के विक्टर ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को 21-12, 16-21, 21-8 से हराया जबकि यांग ने टिएन चेन को सीधे गेम में 21-19, 21-11 से शिकस्त दी।

### त्रीसा-गायत्री की जोड़ी ने मारी दूसरे दौर में एंट्री

त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारत की शीर्ष महिला युगल जोड़ी ने सीधे गेम में जीत के साथ इंडिया ओपन 2026 सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। त्रीसा और गायत्री की जोड़ी ने ओर्निचा जोंगसथापोनपार्न और सुकिता सुवाचाई की थाईलैंड की जोड़ी को 42 मिनट में 21-15, 21-11 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। त्रीसा और गायत्री ने पूरे मैच के दौरान दमदार खेल दिखाया। भारतीय जोड़ी ने नेट पर शानदार खेल दिखाने के अलावा स्मैश से भी काफी अंक जुटाए। थाईलैंड की जोड़ी ने दूसरे गेम में बेहतर शुरुआत की थी लेकिन त्रीसा और गायत्री वापसी करते हुए जीत दर्ज करने में सफल रहीं।

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुडगाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor,
Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email:roc.cpace@mca.gov.in

**प्रारूप संख्या एसटीके - 6**
**सार्वजनिक सूचना**
**{कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा ( 4 ) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में}**

**सार्वजनिक नोटिस** :ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2025-26/1706 दिनांक:-06/01/2026

संदर्भः

1.कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (1) कम्पनियों का नाम छत्तीसगढ़ राज्य से हटाने के मामले में:

| S No | Work Item | CIN | Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AC0926773 | U52200CT2022PTC014069 | यशोदय मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/ अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है।
4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

इरकन तिर्की
उप-पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC-07123/11/0586/2526

